


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 21 दिसंबर 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-1/2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-262 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







कांग्रेस, विदेशी फंडिंग और मीडिया नेटवर्क गठजोड़

## पवन खेड़ा की पत्नी ने मोदी सरकार की आलोचना के लिए ली विदेशी फंडिंग!

**नई दिल्ली,21 दिसंबर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा की पत्नी और लेखिका कोटा नीलिमा और कांग्रेस पार्टी पर विदेशी फंडिंग को लेकर लगाए गए आरोपों ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। कोटा नीलिमा पर मोदी सरकार की आलोचना के लिए विदेशी फंडिंग का आरोप लगा है। साथ ही जमात-ए-इस्लामी से भी संबंध का दावा किया गया है। वहीं कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा ने सभी दावों को सिरे से खारिज किया है और इसे झूठ बताया है। उन्होंने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। दरअसल, सोशल मीडिया पर कांग्रेस पार्टी, विदेशी फंडिंग और मीडिया नेटवर्क के कथित गठजोड़ को लेकर तमाम दावे किए जा रहे हैं। इन आरोपों ने राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। इस थ्रेड में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा को कथित तौर पर इस पूरे इकोसिस्टम का सेंट्रल फेस बताया गया है। इन आरोपों पर कोटा नीलिमा ने प्रतिक्रिया दी और बयान जारी कर सभी दावों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा, मैं इस थ्रेड में तथाकथित जांच के नाम पर की गई इस मानहानिकारक बकवास से हैरान हूं। यह मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से गढ़ा गया एक सुनियोजित झूठ है। इसमें किया गया हर दावा झूठा और दुर्भावनापूर्ण है। कोटा नीलिमा ने आगे कहा कि आरोप लगाने वाले, इसे प्रकाशित करने वाले और जानबूझकर इसे फैलाने व बढ़ावा देने वाले सभी लोगों के खिलाफ बिना किसी देरी के सिविल और क्रिमिनल कार्रवाई शुरू





की जा रही है। उन्होंने साफ किया कि कानून के तहत पूरी सख्ती से परिणाम सुनिश्चित किए जाएंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया है कि कोटा नीलिमा, दिल्ली स्थित एक संगठन प्रोटो से जुड़ी हैं पोस्ट के मुताबिक, यह संगठन अमेरिकी लिंक वाले जर्नलिज्म प्रोग्राम्स के जरिए यह तय करने में भूमिका निभाता है कि किन भारतीय पत्रकारों को विदेशी फंडिंग मिले। इस पोस्ट में कोटा नीलिमा को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य और तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व उपाध्यक्ष बताया गया है। पोस्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रोटो की स्थापना साल 2018 में अमेरिका स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर जर्नलिस्ट्स यानी आईसीएफजे से जुड़े फेलोज द्वारा की गई थी। बाद में यह दक्षिण एशिया में आईसीएफजे के कार्यक्रमों का प्रमुख साझेदार बन गया। दावा किया गया है कि आईसीएफजे पश्चिमी सरकारों, फाउंडेशनों और मीडिया संस्थानों से मिलने वाली विदेशी फंडिंग को भारत में पत्रकारिता प्रोजेक्ट्स के जरिए चैनल करता है और इन पहलों के जरिए केंद्र की भाजपार सरकार के खिलाफ कथित रूप से नैरेटिव गढ़े जाते हैं।

**जमात-ए-इस्लामी से जुड़े कथित संगठनों के साथ संबंधों का भी दावा-** थ्रेड में प्रोटो के संस्थापकों और जमात-ए-इस्लामी से जुड़े कथित संगठनों के बीच वैचारिक और संगठनात्मक संबंधों का भी दावा किया गया है। पोस्ट में आरोप लगाया गया कि विदेशी फंडिंग, राजनीतिक विपक्ष के नैरेटिव और इस्लामी संगठनों की गतिविधियों के बीच भूमिकाओं को बांटा गया है। यह भी कहा गया कि साल 2020 से 2024 के बीच आईसीएफजे से जुड़े प्रोग्राम्स के तहत भारत में जिन स्टोरीज़ को कमीशन किया गया, उनका फोकस अल्पसंख्यक अधिकार, हेट स्पीच, नागरिकता संशोधन कानून और बुलडोजर कार्रवाई जैसे मुद्दों पर रहा, जबकि अन्य साम्प्रदायिक हिंसा के मामलों को नजरअंदाज किया गया। सोशल मीडिया थ्रेड में दावा किया गया कि कोटा नीलिमा ने साल 2017 के बाद कई मीडिया और सिविल सोसाइटी प्लेटफॉर्म शुरू किए या उनसे जुड़ी रहीं। इनमें इंस्टीट्यूट ऑफ परसेप्शन स्टडीज, रेट द डिबेट, हक्कू इनिशिएटिव और स्टूडियोअड्डा जैसे नाम शामिल हैं। पोस्ट में आरोप लगाया गया कि इन मंचों पर भाजपा सरकार की आलोचना करने वाले पत्रकारों को जगह दी गई और संभवतः विदेशी फंडिंग वाले जर्नलिज्म प्रोजेक्ट्स के लिए चयन को प्रभावित किया गया। हालांकि इन दावों के समर्थन में कोई दस्तावेजी सबूत सार्वजनिक रूप से पेश नहीं किए गए हैं।

## रेलवे ने बढ़ा दिया यात्री किराया

**नई दिल्ली,21 दिसंबर।** रेल यात्रा करने वालों की जेब अब ज्यादा ढीली होने वाली है। भारतीय रेलवे ने किराए के ढांचे में बदलाव करने का फैसला किया है। ऐसे में जनरल, स्लीपर और एसी श्रेणी में टिकट महंगे हो जाएंगे। रेलवे ने बताया है कि किराये की नई दरें 26 दिसंबर से लागू हो जाएंगी। जानकारी के मुताबिक पैसेंजर ट्रेनों के टिकट के दाम नहीं बढ़ाए जाएंगे। मेल, एक्सप्रेस मेल/एक्सप्रेस, स्लीपर और एसी ट्रेन में सफर के लिए 215 किलोमीटर से ज्यादा के सफर पर दो पैसे प्रति किलोमीटर ज्यादा देने होंगे। नॉन एसी कोच में सफर के लिए 500 किलोमीटर के सफर पर 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। रेलवे का कहना है कि निम्न आय वाले परिवारों का ध्यान रखते हुए लोकल ट्रेनों के किराए में बढ़ोतरी नहीं की गई है। रेलवे के मुताबिक पिछले 10 सालों में ट्रेनों



और नॉन एसी कैटिगरी में 2 पैसा प्रति किलोमीटर किराया बढ़ाया गया है। इस हिसाब से 500 किलोमीटर पर 10 रुपये ज्यादा खर्च करने होंगे। अनुमान है कि इस बढ़े हुए किराए से रेलवे को 600 करोड़ रुपये का फायदा होगा। जानकारी के मुताबिक 215 किलोमीटर से ज्यादा के सफर के लिए यात्रियों के जनरल ट्रेन में एक पैसा प्रति किलोमीटर ज्यादा देना होगा। वहीं की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इसके अलावा ट्रैक का भी विस्तार किया गया है। सुरक्षा और अच्छे संचालन के लिए ज्यादा कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है। ऐसे में रेलवे पर सैलरी का बोझ भी बढ़ा है। रेलवे का कहना है कि अब मानव संसाधन पर 1.15 लाख करोड़ का खर्च है। इसके अलावा पेंशन का बोझ पहले से है। ऐसे में संतुलन के लिए किराए में वृद्धि जरूरी थी।

## डीजल टैंकर की कार से टक्कर, 1 की मौत

**अम्बिकापुर,21 दिसम्बर।** अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर कटघोरा थाना क्षेत्र के तानाखार में तेज रफ्तार कार की डीजल टैंकर से भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 2 महिला समेत 4 घायल हो गए। कार सवार सूरजपुर जिले के बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ओवरटेक करने के दौरान यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरु की। सूरजपुर जिले के मस्जिदपारा निवासी अजहर शेख उर्फ जुगनू 34 वर्ष, तौकीर 26 वर्ष, शेख अब्दुल्ला उर्फ पंकज 37 वर्ष, सबाना शेख व साबिया शेख एक ही परिवार के सदस्य हैं। शनिवार की सुबह करीब 9 बजे ये सभी अपनी अल्टो कार में सवार होकर इलाज के लिए बिलासपुर जा रहे थे। वे करीब 11.30 बजे कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर-बिलासपुर एनएच-130 पर ग्राम तानाखार के पास पहुंचे ही थे कि ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे डीजल टैंकर से कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमें सवार अजहर शेख उर्फ जुगनू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य घायल हो गए। कार तौकीर चला रहा था। सूचना मिलते ही कटघोरा थाना प्रभारी व तारा पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरु किया।

## एक्सीडेंटल फायर से डीआरजी जवान की मौत

**नारायणपुर,21दिसंबर।** एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन से लौटते समय हुए एक्सीडेंटल फायर से डीआरजी जवान की मौत हो गई. घटना थाना छोटेडोंगर अंतर्गत कैंप कड़ेनार में घटित हुई. जानकारी के अनुसार, एक्सीडेंटल फायर में सिर के पास गोली लगने से नारायणपुर डीआरजी के आरक्षक बलदेव सिंह हुर्रा गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें तुरंत धौड़ाई अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया. लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उपचार के दौरान आरक्षक बलदेव सिंह हुर्रा का निधन हो गया. फिलहाल, पोस्टमार्टम व कानूनी कार्रवाई जारी है.

## बांग्लादेश में हिंदू युवक की मॉब लिचिंग में 10 गिरफ्तार

**ढाका,21 दिसंबर।** शेख हसीना सरकार गिराने में मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से बांग्लादेश हिंसा की आग में जल रहा है। उस्मान हादी की हत्या की आड़ में मुस्लिम कट्टरपंथी हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। कट्टरपंथियों ने पिछले दिनों कथित ईशनिंदा के आरोप में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीटकर हत्या करने के बाद बीच सड़क पर पेड़ से लटकाकर आग लगा दी। हिंदू युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक्शन लिया है और 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने बयान जारी किया है और कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इधर सिलहट शहर में भारतीय सहायक उच्चायोग कार्यालय और वीजा आवेदन केंद्र पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, ताकि हादी की मौत के बाद उत्पन्न तनाव का अनुचित रूप से कोई फायदा न उठा सके। सुरक्षा बलों को शनिवार से ही विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर लगातार तैनात किया गया है, जिसमें सहायक उच्चायोग कार्यालय, उच्चायोग अधिकारी का निवास तथा वीजा केंद्र शामिल हैं।

### दीपू चंद्र दास ने नहीं की थी ईशनिंदा

बांग्लादेश के मैमन सिंह में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ द्वारा मार दिए गए 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में पता चला है कि दीपू ने ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की थी जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। वह पूरी तरह निर्दोष था और केवल अफवाहों के करण उसे अपनी जान गंवानी पड़ी। मैमनसिंह की एक गारमेंट फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू के खिलाफ अफवाह फैली कि उसने इस्लाम पर अपमानजनक टिप्पणी की है। उत्तेजित भीड़ ने उसे फैक्ट्री से खींचकर बाहर निकाला और पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

पूर्व मुख्यमंत्री के 'सर्वे' पोस्ट पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का पलटवार

## बिना तथ्यों के बात नहीं करनी चाहिए

**रायपुर,21 दिसंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 'सर्वे' को लेकर किए गए सोशल मीडिया पोस्ट पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सर्वे कौन रहा है, इसकी जानकारी नहीं है. मगर किसी को डराने का विषय नहीं है. जो गड़बड़ नहीं किया है, उसे डरने की जरूरत नहीं है. बिना तथ्यों के आधार पर बात नहीं करना चाहिए. आरोप-प्रत्यारोप से बचना चाहिए.

दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि सर्वे एजेंसी की 70 टीमें छत्तीसगढ़ में जगह जगह जाकर लोगों से पूछ रही हैं कि क्या भूपेश बघेल को गिरफ़्तार किया जाना चाहिए? विधि सम्मत कार्रवाई करने की जगह सर्वेक्षण करवा रहे हैं. अमित शाह जी, सुन लीजिए, चाहे जो हथकंडा अपनाइए, छत्तीसगढ़ की जनता मेरे और कांग्रेस के साथ खड़ी है. इसके साथ ही हाल ही में शामिल हुए नगरीय निकायों की बैठक को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि उत्तर मध्य क्षेत्रों के 5 नगरीय प्रशासन विभागों



की बैठक केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई. भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं – पीएम आवास, स्वच्छता अभियान, मोबिलिटी के कामों की समीक्षा हुई. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में केंद्र प्रायोजित योजनाओं में गति आई है. पीएम आवास के मामले में छग तीसरे स्थान पर है. वहीं कई योजनाओं में छत्तीसगढ़ ने दो साल में अच्छी प्रगति की है. क्षेत्रीय बैठकों का दौर लाभकारी साबित होगा.छत्तीसगढ़ में मेट्रो का जाल बिछने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो का काम प्रारंभिक स्तर पर है. चीन, अमेरिका के बाद भारत मेट्रो का जाल बिछाने में तीसरे स्थान पर पहुंचा है. छत्तीसगढ़ में तेज गति से आने वाले समय में काम होगा. वहीं दलहन-तिलहन लगाने खरीदी की अनुमति मिलने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि दलहन तिलहन को बढ़ावा देने एक ऐतिहासिक कदम है. दलहन-तिलहन लगाने का क्रम कम हुआ था, मगर अब किसानों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा.

## कोराबारी ने घर को बना रखा था अवैध गोदाम

**रायपुर,21 दिसंबर।** गोगांव के ट्रांसपोर्ट में मिली नकली दवा के मामले में सारंगढ़ तक पहुंची औषधि निरीक्षकों की टीम ने सरस्वती मेडिकल स्टोर्स के संचालक के घर छापेमारी कर करीब पचास लाख की दवाएं बरामद की हैं. कारोबारी ने घर को दवा का अवैध गोदाम बना रखा था. ज्यादातर दवा पेनकिलर, कफ सिरप, सर्दी-जुकाम की होने के साथ जेनेरिक है. दवा कारोबारी नकली दवा के मामले में संदेही भी है. रायपुर के साथ रायगढ़ के खाद्य निरीक्षकों की टीम ने सारंगढ़ के दवा कारोबारी खेमराम केसरवानी के निवास में छापेमारी की. केसरवानी ने अपनी दवा दुकान के अलावा मकान के पिछले हिस्से में बनाए गए गोदाम में लाखों रुपये की दवा डंप कर रखी थी. दवा के मामले में उसके पास खरीदी संबंधित कोई दस्तावेज नहीं थे और ना ही उसे सुरक्षित तरीके से रखा गया था. जांच टीम ने इसे अवैध संग्रहण का मामला मानते हुए दवा कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई की है. उसकी दवा दुकान से कुछ दिन पहले भारी मात्रा में और दवा बरामद की गई थी, जिसका भी उसके पास कोई रिकार्ड नहीं है.खेमराम गोगांव के ट्रांसपोर्ट में पकड़ी गई नकली दवा के मामले में भी संदिग्ध है. उसके मोबाइल पर ही संबंधित दवा की तस्वीर मिली थी,



छापेमारी में 50 लाख की दवाइयां जब्त

जिसे खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जब्त कर रखा है. सूत्रों के मुताबिक संदेही दवा कारोबारी के मेडिकल स्टोर्स और गोगांव के ट्रांसपोर्ट में मिले बिल के संस्थान का नाम एक ही है. इस आधार पर जांच टीम अपने इंवेस्टीगेशन के तहत वहां तक पहुंची है.

**इंदौर तक जाएगी टीम**-खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल के निर्देश पर रायपुर जिले के सहायक नियंत्रक संजय नेताम, टेकचंद धिरहे के साथ रायगढ़ के विजय राठौर और अंकित राठौर, सविता रानी साय की टीम ने छापा मारा था. नकली दवा के मामले की जांच के लिए विशेष टीम बनाई गई है, जो जांच के लिए इंदौर जाने वाली है.

## आरएसएस को भाजपा के चश्मे से देखना गलत : मोहन भागवत

**कोलकाता,21 दिसंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने एक बार फिर आरएसएस के उद्देश्य को सामने रखा है। कोलकाता में हो रहे आरएसएस 100 व्याख्यान माला कार्यक्रम में बोलते हुए संघ चीफ ने साफ किया कि भारत को विश्व गुरु बनाने के उद्देश्य से आरएसएस की स्थापना की गई थी। भागवत ने साफ किया कि संघ को भाजपा के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। इस दौरान भागवत ने लोगों से अपील की है कि वे देश और समाज के लिए रोज एक घंटा निकालें। दरअसल मोहन भागवत ने 18 दिसंबर से पश्चिम बंगाल का 4 दिवसीय दौरे पर हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भागवत का बंगाल दौरा काफी अहम है, क्योंकि यह ऐसे समय हो रहा है जब राज्य अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रहा है। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संघ की शताब्दी वर्ष व्याख्यानमाला में लोगों से अपील की कि वे संघ के बारे में अपनी धारणा द्वितीयक स्त्रोतों से न बनाएं। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत को विश्व गुरु बनाना है और इसे किसी राजनीतिक विचारधारा से जोड़ना गलत है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की विभिन्न



धाराओं का उल्लेख करते हुए संघ को सामाजिक सुधार और एकजुटता का माध्यम बताया। भागवत ने संघ के मूल उद्देश्य पर कहा कि संघ की स्थापना का एक ही वाक्य में उत्तर है, भारत माता की जय।

# श्री हनुमंत कथा आयोजन को लेकर कलेक्टर एवं एसएसपी ने किया स्थल निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 21 दिसंबर।** सनातन धर्म के ध्वजवाहक बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से प्रस्तावित श्री हनुमंत कथा के आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नागरिक सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित आयोजन के मद्देनजर कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कथा स्थल जयंती स्टेडियम के समीप मैदान में निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यातायात एवं आवागमन रूट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कथा के आयोजनकर्ता, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय की विशेष उपस्थिति रहीं । इस अवसर पर राकेश पाण्डेय ने बताया कि कथा को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से की जा रही हैं। समिति के सदस्य अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं तथा आयोजन की सफलता हेतु बैठकों का दौर निरंतर जारी है। जैसे-जैसे कथा की तिथि नजदीक आएगी, तैयारियां और अधिक तीव्र की जाएंगी।

### मेहर समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 को

**भिलाई, 21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ मेहर समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार, 28 दिसंबर को मंगल भवन, पुराना सरस्वती शिशु मंदिर, भाटापारा में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में होगा। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे दीप प्रज्वलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रारंभ होगा, जबकि द्वितीय सत्र दोपहर 1 बजे से युवक-युवती परिचय एवं सम्मान समारोह के रूप में संपन्न होगा।मीडिया विभाग के देवेन्द्र लहरी ने बताया कि कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहेब, राजेश अग्रवाल, विधायक इन्द्र साव, संदीप साहू, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सनम जांगड़े सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।





**उतई, 21 दिसंबर (तछसं.)।** आज उप स्वास्थ्य केंद्र सांकरा मे युवा सरपंच रवि सिंगौर ने पोलियो ड्रॉप्स पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ और अपील की कि शून्य से पांच वर्ष के बच्चो को दो बून्द जिंदगी के पोलियो ड्राप जरूर पिलाये जिससे भारत देश पोलियो मुक्त हो सके।



**उतई, 21 दिसंबर (तछसं.)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तबला वादन में प्रथम आने वाले खिलेश्वर साहू धनोरा निवासी आज राष्ट्रीय स्तरीय तबला वादन प्रतियोगिता में भाग लेने पुना महाराष्ट्र के लिए रायपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए सभी धनोरा ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं ।

## एक नजर

### छात्रा को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 21 दिसंबर (तछसं.)।** भिलाई बीबीए की छात्रा एक छात्रा से होटल में अनाचार कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर साढ़े 9 लाख वसूलने वाले आरोपी को स्मृति नगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है बताया जाता है कि छात्रा निजी महाविद्यालय में बीबीए की पढ़ाई करती है इसी दौरान उसकी मुलाकात दीपक ठाकुर नामक युवक से हुई और दोनों के बीच बातचीत हुई फोन नंबर का आदान प्रदान हुआ और दोनों फोन पर बात करने लगे इसी बीच दीपक ठाकुर ने युवती को होटल लैंडमार्क में मिलने बुलाया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया इसी तरह उसने कई बार दुष्कर्म किया और युवती जब जब इसका विरोध करती तब-तब वह वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा।

### पुलिस आरक्षक से मारपीट व लूट

**भिलाई, 21 दिसंबर (तछसं.)।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के शराब अहाते के संचालक और उसके साथियों द्वारा ड्यूटी से लौट रहे पुलिस आरक्षक से मारपीट और लूट का गंभीर मामला सामने आया है मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुलिस आरक्षक मोहम्मद कैफ (23 साल ) निवासी हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग से 15 दिसंबर की रात ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान प्रथम बटालियन भिलाई गेट के सामने स्थित देशी-अंग्रेजी शराब भट्टी के पास बाथरूम जाने के लिए रुके। इसी बात को लेकर अहाते के संचालक करण सिंह और उसके साथियों ने आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी ।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर की मारपीट

भिलाई, 21 दिसंबर (तछसं.)। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर तीन आरोपी युवकों ने धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला किया था पुलिस ने इस मामले में तीन को गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(3), 1152 (2), 119, 3(5) और 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि सूरज ठाकुर अपनी स्कूटी से बोरसी स्थित अपने दोस्त कमल कुमार से मिलने जा रहा था। इस दौरान एनएसपीसीएल गेट के पास पान ठेले पर गुटखा खरीदने के लिए रुका तभी सेक्टर -6 भिलाई निवासी एस. विजय, एमआईजी हुड़को एस अजय, सेक्टर -6 ए मार्केट विश्वजीत सिंह पहुंचे वो लोग सूरज ठाकुर से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। सूरज ने पैसे देने से मना किया तो उन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने उसके ऊपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया इसमें सूरज के सिर और जांघ में गंभीर चोटें आईं हमले के बाद भी आरोपी युवक फरार हो गए जान बचाने किसी तरह सूरज एनएसपीसीएल का गेट कूदकर भीतर गया। डॉयल 112 पर कर पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला भेजा के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया ।

### ब्रह्माकुमारीज शान्ति सरोवर में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया

**रायपुर, 21 दिसम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर सड्डू में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। विषय था। विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान समारोह में बोलते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा ने कहा कि मन को शान्त रखने और अपने आपको व्यवस्थित रखने के लिए ध्यान बहुत ही जरूरी है। जब आप अपने आपको जानने लगते हैं और ध्यानस्थ हो जाते हैं तब एकाग्रता आती है। एकाग्रता के लिए सतत् अभ्यास चाहिए। उन्होंने ब्रह्माकुमारीजऔर शान्ति सरोवर की महिमा करते हुए कहा कि ऐसी पावन जगह पर आने से मन का भटकाव बन्द हो जाता है।

# खोपली में गुरु घासीदास जयंती श्रद्धा व भाईचारे के साथ मनाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,21 दिसंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोपली में संत शिरोमणि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की 269वीं जयंती श्रद्धा, समरसता और सामाजिक एकता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित खेमराज पाटिल द्वारा सतनाम पूजा से हुआए तत्पश्चात अतिथियों ने जैतखाम में दीप प्रज्वलन कर आयोजन की शुरुआत की। मंच संचालन दिनेश देशलहरे ने किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक गुरु पर्व मनाया जाता है और बाबा घासीदास जी का संदेश मनखे.मनखे एक समान ग्राम खोपली में साकार रूप में देखने को मिलता हैए जहाँ बिना किसी भेदभाव के सभी समाज के लोग एक मंच पर एकत्र होकर जयंती मनाते हैं।

वक्ताओं ने बाबा जी के सत्यए समानता और मानवता के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की अपील की। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकरए अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति श्रीमती श्रद्धा साहू ने की। विशेष अतिथियों में अंडा परिक्षेत्रीय सतनामी समाज के अध्यक्ष जुगल जोशीए उपाध्यक्ष रोशन घृतलहरे, सहित विभिन्न समाजों के अध्यक्ष,जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन दिनेश देशलहरे पूर्व अध्यक्ष, तहसील सतनामी समाज एवं जिला महंत एवं बिंदु दिनेश देशलहरे जनपद सदस्यए जनपद पंचायत दुर्ग के मार्गदर्शन में किया गया। अंत में महाप्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बिंदु दिनेश देशलहरे ने सभी अतिथियों व ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन तो जो बोले सो निहाल के जयघोष से गूंज उठा पूरा शहर

**भिलाई, 21 दिसंबर।** सिख पंथ के दसवें गुरु, गुरु गोविन्द सिंह के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर आज भिलाई नगर में आस्था, श्रद्धा और शौर्य की अनुपम झलक देखने को मिली। इस पावन अवसर पर सुपेला गुरुद्वारे से प्रातः 10 बजे भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समाज के हजारों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। नगर कीर्तन की शुरुआत पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगुवाई में हुई। जैसे ही नगर कीर्तन आगे बढ़ा, पूरा वातावरण जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा। सिख परंपरा के अनुरूप अनुशासन, मर्यादा और श्रद्धा का अद्भुत समन्वय नगर कीर्तन में देखने को मिला। नगर कीर्तन नील



नगर सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर संगत का स्वागत किया। ज ग ह - ज ग ह सामाजिक संगठनों एवं सिख संगत द्वारा लंगर, शरबत एवं जल सेवा की व्यवस्था की गई, जिससे मानव सेवा और समरसता का संदेश प्रसारित हुआ। नगर कीर्तन में गतका दलों द्वारा सिख शौर्य परंपरा का मनोहारी प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही गुरबाणी कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की मधुर गूंज, धार्मिक झांकियों और अनुशासित संगत ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। प्रकाश पर्व के अवसर पर वक्ताओं ने गुरु गोविन्द सिंह जी के जीवन, त्याग, बलिदान और खालसा पंथ की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु साहिब का जीवन मानवता, साहस, समानता और धर्म रक्षा का अद्वितीय उदाहरण है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में भाईचारा और शांति स्थापित की जा सकती है। नगर कीर्तन के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। आयोजन के अंत में संगत ने गुरु साहिब के चरणों में नमन करते हुए समाज और देश की सुख-शांति की कामना की।

### स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हुए शामिल

**दुर्ग, 21 दिसम्बर ।** सस्टेनेबल इंडिया विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन आईआईटी भिलाई में किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए।अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन में सतत विकास और समग्र सोच को केंद्र में रखकर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक विचारकों, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर सतत और पुनर्योजी भविष्य की दिशा में संवाद स्थापित करना है। यह सम्मेलन ज्ञान, चेतना और प्रौद्योगिकी के समन्वय के माध्यम से सतत विकास की नई संभावनाओं को सामने लाएगा और भविष्य की नीतियों व सहयोगों को प्रेरित करेगा।

# बालिका के साथ दुष्कर्म के प्रयास के प्रकरण में आरोपी को 20 वर्ष की सजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 दिसंबर।** जिला कबीरधाम अंतर्गत महिला थाना कवर्धा में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 36/2025 धारा 137(2), 64(1), 65(2), 74 बीएनएस एवं 06 पॉक्सो एक्ट के संवेदनशील प्रकरण में माननीय विशेष न्यायालय (फास्ट ट्रैक), पॉक्सो कबीरधाम द्वारा आरोपी दशरथ लाल गुप्ता पिता स्व. नर्मदा प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड न. 14 गुप्ता पारा कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) को 20 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है।

उक्त प्रकरण में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री अभिषेक शांडिल्य (ढ्क्क) के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस द्वारा पूर्ण संवेदनशीलता, तत्परता एवं उच्च स्तरीय पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंह (ढ्क्क) के कुशल नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के सतत पर्यवेक्षण तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आशीष शुक्ला के निर्देशन में प्रकरण की निरंतर मॉनिटरिंग की गई।

प्रकरण में मात्र पांच वर्ष की नाबालिग बालिका के साथ किए गए यौन अपराध को दृष्टिगत रखते हुए पीड़ित पक्ष की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी गई तथा सभी वैधानिक प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया गया।महिला थाना प्रभारी भुनेश्वरी राठौर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रकरण की विवेचना को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए सशक्त एवं वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन किया गया। घटना के 22 दिवस के भीतर चालान माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जो पुलिस की तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सुदृढ़ विवेचना, प्रभावी अभियोजन समन्वय एवं समयबद्ध कार्यवाही के परिणामस्वरूप ट्रायल चालू होने के मात्र तीन माह की अवधि में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्धि कर कठोरतम दंड का आदेश पारित किया गया।प्रकरण में महिला थाना टीम द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट कार्य, मेहनत, लगन एवं प्रोफेशनलिज्म को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को इनाम देने की घोषणा की गई है।यह प्रकरण कबीरधाम पुलिस के लिए केवल एक अपराध का खुलासा नहीं, बल्कि नाबालिगों की सुरक्षा, समाज में विश्वास की स्थापना एवं अपराधियों के प्रति कठोर संदेश का प्रतीक है। कबीरधाम पुलिस यह स्पष्ट करती है कि बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों पर शून्य सहनशीलता की नीति के तहत त्वरित, निष्पक्ष एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# बीएसएफ का फर्जी कार्ड लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 दिसंबर।** भिलाई बीएसएफ का फर्जी आई कार्ड बनाकर पुलिस लिखकर वहां डिजायर में घूम रहे आरोपी को मोहन नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध धारा 204, 319 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है आरोपी को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया गया है पुलिस ने बताया कि थाना मोहन नगर में सहायक उप निरीक्षक झुमुक लाल ने बताया कि प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण पात्रे, आरक्षक तुषार सलामे एवं चालक नवीन यादव के साथ वह वाहन चेकिंग ड्यूटी ग्रीन



चौक दुर्ग में कर रहा था इस दौरान दो पहिया चार पहिया वाहन की चेकिंग की जा रही थी सिंधिया नगर दुर्ग की ओर से एक चार पहिया वाहन कार डिजायर सीजी 07 सीआर 9095 के चालक को रोक कर वाहन चेक किया गया। वाहन चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सिमरनजीत सिंह निवासी सुंदर नगर मीरा कोर्ट एयरपोर्ट रोड थाना कंबोज जिला अमृतसर पंजाब एवं वर्तमान में सिंधिया नगर सेंगर हाउस दुर्ग में किराए के मकान में रहना बताया उसने अपने आपको बीएसएफ में नौकरी करना बताया, वहीं बीएसएफ का फर्जी आई कार्ड उसके पास से मिला जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो वह गोल-गोल जवाब देने लगा वाहन डिजायर सीजी 07 सी आर 9095 अमरजीत कौर के नाम से पंजीकृत थी, उस पर सामने भाग में अंग्रेजी में पुलिस लिखा हुआ था वाहन चालक द्वारा लोक सेवक का प्रति रूपण कर अपना पहचान लोक सेवक के रूप में बताकर कूटरचित दस्तावेज का उपयोग करना पाया गया था ।

### अंवरी में दो दिवसीय पंथी प्रतियोगिता एवं मड़ई 25 व 26 दिसंबर को

**अंवरी,21 दिसंबर।** ग्राम अंवरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर पंथी प्रतियोगिता एवं जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है जिसमें 25 दिसंबर एवं 26 दिसंबर को पंथी प्रतियोगिता एवं 27 दिसंबर को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए सुर संगम अंनत छत्तीसगढ़ लोक कला मंच आकाश आनंद जांजगीर-चंपा की भव्य प्रस्तुति होगी जिसकी तैयारी में समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## समाचार संक्षेप

### जिले के युवाओं में नशा करने की आदत लगातार बढ़ना चिंता का विषय

**कवर्धा,21 दिसंबर (तछसं.)।** कबीरधाम जिले में युवाओं में सुबह से गुटखा खाने की आदत लगातार बढ़ रही है साथ ही गांवों में युवाओं में गुटखा खाने ओर शराब पीने की आदत बढ़ रही है जो की चिंतनीय विषय बन रहा है । पंच , उपसरपंच , सरपंच , जनपद सदस्य , जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत पार्षद , नगर पालिका पार्षद , उपाध्यक्ष को भी अपने वार्ड , गांवों , नगर में नशा मुक्त अभियान के प्रति जागरूकता करने की आवश्यकता है तभी नशा मुक्त अभियान सफल होगी । समाज कल्याण विभाग उप संचालक अभिलाषा पंडा निरंतर नशा मुक्त अभियान के प्रति लगातार जागरूक करती रहती है । प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अशोक साहू , जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू,जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट , कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , वरिष्ठ बीजेपी नेता सीताराम साहू भी समय समय पर नशा मुक्त अभियान का संदेश देकर जिले वासियों को प्रेरित करते है की नशा जैसी कुरीतियो से युवा दूर रहे । युवाओं से नशा जैसे कुरीतियों से दूर रहना चाहिए क्योंकि केंसर जैसी संभावना हो सकती है ।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण



**भिलाई, 21 दिसंबर।** एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एक नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन द्वारा किया गया है। इस प्रतिमा का अतिशीघ्र ही नेहरू नगर में अनावरण किया जाएगा। इस कलाकृति को देश के अनेक प्रख्यात कलाकारों एवं कला समीक्षकों ने अत्यंत सराहनीय बताया है। प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, विमान भट्टाचार्य, बी.एल. सोनी, मोहन बराल, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन, वरिष्ठ साहित्यकार मेनका वर्मा तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ललित कला अकादमी से जुड़े अनेक सदस्यों ने इस प्रतिमा को अब तक निर्मित भारत की श्रेष्ठ कृतियों में से एक करार दिया है।

### पुलिस ने चोर गिरोह का पर्दाफाश किया



**भिलाई, 21 दिसंबर (तछसं.)।** भिलाई पांच मंदिरों में चोरी करने वाले सीरियल चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपी सहित छत्र मुकुट खरीददार अनूपपुर का ज्वेलर्स संचालक गिरफ्तार है। आरोपी मध्यप्रदेश, मुंगेली से हैं आरोपी चोरी एवं दुष्कर्म के आरोप में पहले भी बिलासपुर में जेल काट चुके हैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि 7 अगस्त की रात फल मंडी पावर हाउस हनुमान मंदिर, 5 नवंबर को सेक्टर 5 कांचीकमाधी मंदिर, 14 दिसंबर को काली मंदिर सुपेला, 12 नवंबर को फरीद नगर दुर्गा मंदिर में मंदिर का ताला व दान पेटी चोरी तथा 15-16 दिसंबर की रात सेक्टर 6 स्थित बालाजी मंदिर में चोरी का प्रयास किया गया था। भिलाई शहर में लगातार मंदिर में हो रही चोरी पुलिस के लिये चनौतीपूर्ण थी। इसी क्रम में सपना टॉकिज पावर हाउस के पीछे दो लड़को के संबंध में जानकारी मिली कि ये आये दिन, रात में मुंगेली आरटीओ से रजिस्ट्रर्ड बाइक में घूमते हैं और दिन भर घर के अन्दर रहते हैं। उक्त संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम रामचंद राठौर निवासी गोरसी अनूपपुर मध्यप्रदेश तथा मुकेश जायसवात ग्राम जोगीपुर थाना तखतपुर जिला मुंगेली का होना बताया। इनकी बाइक होण्डा साइन सीजी 28 एल 4683 की तलाशी लेने पर मोटर साइकिल की डिक्की में एक सब्बल मिला। आरोपियों से सघन पूछताछ करने पर रामचंद राठौर ने बताया कि वह पूर्व में करगी रोड कोटा की जेवलरी दुकान और बिलासपुर के मकानों में चोरी कर चुका है। पुलिस द्वारा पकड़ा भी गया था। जेल से जमानत पर छूटा है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी मुकेश जायसवाल ने पूछताछ पर बताया कि वह थाना तखतपुर से दुष्कर्म के मामले में बिलासपुर जेल गया था। जेल में ही इसकी पहचान रामचंद राठौर से हुई थी। जेल से छूटने पर ये दोनों आकाश गंगा भिलाई फल मण्डी में हमाली करने लगे थे और सपना टाकिज पावर हाउस के पीछे पानी टंकी के पास किराये के मकान में रहते थे। दोनों ने मंदिरों में चोरी करने की योजना बनाई और मंदिरों की रेकी कर मंदिर में चोरी करने लगे। चोरी में प्राप्त चांदी का छत्र मुकुट मुखौटा, चांदी का चम्मच जिते राम चंद राठौर ने अनूपपुर के ज्वेलर्स विकास सोनी को बेच दिया था। आरोपियों से पूछताछ पर कुल 5 चोरी करना स्वीकार किया है पुलिस ने आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त बाइक, एक सब्बल, एक मोबाइल, एक टेबलेट एवं सिक्का जब्त किया है।

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल वार्षिक समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र पुरस्कृत

**भिलाई, 21 दिसंबर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 में शनिवार को वार्षिक समारोह अभिव्यंजना का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र चित्त रंजन महापात्र थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता तथा महाप्रबंधक श्रीमती शिखा दूबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिक जॉर्ज द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुमिता सरकार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन



में बताया कि इस वर्ष कक्षा 10 वीं में 18 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, वहीं कक्षा 12वी में 13 छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालय के 03 भूतपूर्व विद्यार्थियों का चयन इस वर्ष छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में भी हुआ। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सत्र के शिक्षक पुरस्कार विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चित्त रंजन महापात्र ने सभी उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के संतुलित समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रिदम' रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता एवं सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शाल्य के छात्रों द्वारा शास्त्रीय एवं आधुनिक नृत्य, मधुर गीतों तथा वंदेमातरम् की थीम पर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान, गणित एवं वाणिज्य विषयों पर आधारित मॉडलों के साथ-साथ कलात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही सलाद सज्जा एवं पुष्प सज्जा गतिविधियों में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिसकी मुख्य अतिथि द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आर. सिसिली छाया, श्रीमती जया घोष एवं श्रीमती मैत्री सूत्रधार द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच संचालन में अनूपमा शुक्ला, उन्नति खंडेलवाल, निर्जला कुमारी, पूर्वी साहू, अनिरुद्ध प्रसाद एवं अनन्या जॉर्ज ने प्रभावी भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सविता तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## एक नजर

### महिला ने ट्रेन से कटकर दी जान

**डोंगरगढ़ 21 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार को महावीर पारा के शीतला मंदिर के पास रेलवे ट्रैक पर महिला के ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लेने से आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि नगर के वार्ड नंबर 02 दन्तेश्वरी पारा बंशी दुकान के पीछे गली में रहने वाली महिला राजिम पटेल पति बलिशा पटेल उम्र लगभग 45 वर्ष ने गुरुवार को लगभग सुबह 9.30 बजे ट्रेन के सामने आकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। जीआरपी पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया की गुरुवार को सूचना मिली कि कोई अज्ञात महिला रेलवे ट्रैक खंभा नंबर 928/32,30 के पास कट गई है। सूचना पर तत्काल टीम रवाना हो महिला के मृत शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा गया।

### अडानी पॉवर प्लांट को लेकर पूर्व विधायक ने शासन को लिखा खत

**तिल्दा नेवरा 21 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** से समीप लगा अडानी पॉवर प्लांट पूर्व में जी एम आर प्लांट के नाम से जाना जाता था लेकिन अब यह अडानी पॉवर प्लांट हो गया पूर्व में मजदूरों को आश्वासन देने वाले अधिकारी बदल गए ओर शोषण की कहानी दस वर्षों से जारी है प्लांट के मालिक बनने के बाद आंदोलन किया जा रहा है करीब 1600मजदूरों की शोषण और राजनीतिक पार्टियों के ठेकेदार जो प्लांट में कार्यरत है उन सब ने मजदूरों का शोषण किया है मजदूरों के आंदोलन को समर्थन देने वाले जनसेवक जनप्रतिनिधियों के धीरे धीरे सामने आने से अब आंदोलन दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है आज16वे दिन भी मजदूरों का आंदोलन जारी है नगर पालिका परिषद ने अडानी की गाड़ियों का रास्ते अवरुद्ध किया नगर पालिका परिषद ने अडानी पॉवर प्लांट की सभी गाड़ियों को रोक दिया।

### शोक संदेश

#### शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा



**तिल्दा नेवरा।** लोकतंत्र सेनानी संघ छत्तीसगढ़ एवं लोकतंत्र प्रहरी संघ ने लोकतंत्र सेनानी शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा (निवासी: ग्राम मोहगांव, पोस्ट चांपा, थाना नेवरा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़) के निधनपर शोक व्यक्त किया है।स्वर्गीय वर्मा जी के दाह संस्कार एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ग्राम मोहगांव में किया जा रहा है।उनके निधन उपरांत, संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने द्वारा विशेष पहल की गई है कि अंतिम यात्रा पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हो। इस संबंध में उन्होंने रायपुर एवं बिलासपुर के कलेक्टर सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर राजकीय सम्मान, मरणोपरांत सम्मान निधि एवं अन्य औपचारिक व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश देने क्रा आग्रह किया है, ताकि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में किसी प्रकार की बाधा न आए।मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र ही स्वर्गीय शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा जी के सम्मान में राजकीय सम्मान की तैयारी की जा रही है।स्वर्गीय वर्मा जी का योगदान लोकतंत्र की रक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में अविस्मरणीय रहेगा।



राजकीय सम्मान के साथ मोहगांव में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा सहित आस पास के जनप्रतिनिध लोकतांत्रिक सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल। नरेंद्र मालूराम शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद सौरभ जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सुशासन सप्ताह,ग्राम मडियान के शिविर में 24 पंचायतों के ग्रामीण हुए शामिल

■ **शिविर में हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं बीज मिनी किट का किया गया वितरण**



**राजनांदगांव 21 दिसम्बर।** सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मडियान में शिविर का आयोजन किया गया। जिले में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 के अंतर्गत शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है। शिविर में 24 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया। जिसमें कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 35 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोदभराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छताग्राही महिलाओं और मितानिनों का सम्मान किया गया। स्वच्छताग्राही ने गांवों में स्वच्छता का संदेश दिया। शिविर में विद्युत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा फसलचक्र परिवर्तन तथा राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं कृषि विभाग द्वारा मिनी कीट का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्र मर्यादित बैंक राजनांदगांव श्री भरत वर्मा, सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती अनिता मंडावी, सरपंच ग्राम पंचायत मडियान, कारूटोला, मोहनपुर, पीपरखारकला, कोटनापानी, एसडीएम श्री एम भार्गव, सीईओ श्रीमती भगवती साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

**राजनांदगांव 1 दिसम्बर।** कलेक्टर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया सु दीक्षा नंदेश्वर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सीतागोटा डिम्पल खापर्डे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोकपुर शैलेश साहू, पटवारी छुरिया प्रशांत सिंह ठाकुर, पटवारी घोघरे आशीष साहू, पटवारी बम्हनी चारभाटा सोनम कोकिला, पटवारी घुपसाल डेविड भूआर्य, पटवारी राहुल कसेट, पटवारी हुकुम चंद महिलांग, समिति प्रबंधक जोब धनसिंग, समिति प्रबंधक गहिराभेड़ी बसंत, समिति प्रबंधक कुमर्दा मनकलाल साहू, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र बोरतालाव भागचंद साहू, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र गहिराभेंडी रिमन्त कुमार साहू, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र जोब विनोद साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

#### धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की बैठक में

# कलेक्टर का निर्देश,निर्भीक होकर बिचौलियों पर करें कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसानों को एग्रीस्टेक में आने वाली दिक्कतों का प्राथमिकता से समाधान करें। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन आवश्यक है, जिसमें कृषि भूमि का पंजीयन प्राथमिकता से कराना है। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए ऐसे किसान जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हुआ है, उसकी सूची ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को देने के लिए कहा। कलेक्टर ने मेढ़ा, मुरमुंदा सहित ऐसे स्थान जहां एग्रीस्टेक पोर्टल में तकनीकी समस्या आ रही है। उसके लिए समन्वय करते हुए अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत एवं निष्ठापूर्वक उत्कृष्ट कार्य करें और फील्ड में निरीक्षण करते रहे। जिससे वस्तुस्थिति की जानकारी से अपडेट रहेंगे। उन्होंने कहा कि धान का अवैध परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई जारी रखें तथा धान उपार्जन केन्द्रों की सतत मानिटरिंग करते रहे। उन्होंने सभी से कहा कि निर्भीक होकर कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करें तथा इसके संबंध में जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। जिससे स्टेकिंग सही तरीके से होगा तथा भौतिक सत्यापन अच्छे से होगा। उन्होंने समिति प्रबांकों से कहा कि सजग रहते हुए ईमानदारी से कार्य करें।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में शुद्ध धान खरीदी प्राथमिकता होनी चाहिए। किसानों को धान उपार्जन केन्द्रों में धान की बिक्री में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। कलेक्टर ने सभी पटवारियों से कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं आशंका होने पर तत्काल सूचना दें। धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव प्रारंभ हो गया है। निर्धारित नियमों के अनुरूप सर्तक एप के माध्यम से धान के उठाव की निगरानी की जा रही है। सभी आरईएओ बेहतर कार्य करें। धान की एन्ट्री, रकबा समर्पण, भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण के कार्य लगातार करते रहे। उन्होंने सभी अधिकारयों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में सतत निरीक्षण करें, ताकि सही तरीके से स्टेकिंग एवं अन्य कार्य हो सकें। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत ऐसे किसान जो छूट गए है, उन्हे जोडने के लिए कहा। खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने कहा कि सर्तक एप के माध्यम से धान के उठाव का कार्य जारी है। एप के माध्यम से धान के उठाव के लिए वाहन का लोकेशन ट्रेस करने के साथ ही वास्तविक रूप से धान का उठाव एवं भौतिक सत्यापन की मानिटरिंग होगी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर एवं अन्य अधिकारी तथा सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## घरेलू हिंसा से आहत महिला ने जहर सेवन कर दी जान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी/सेमरा 21 दिसंबर।** ग्राम सेमरा में घरेलू विवाद का एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां तीन बच्चों की मां ने कथित प्रताड़ना से तंग आकर जहर सेवन कर अपनी जान दे दी। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान अंजूलता साहू (35) के रूप में हुई है, जो सेमरा निवासी सतीश साहू की पत्नी थीं। अंजूलता का मायका देवभोग क्षेत्र के धौंराकोट में है। मायका पक्ष ने आरोप लगाया है कि ससुराल में अंजूलता को लंबे समय से मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। परिजनों का कहना है कि मृतका का पति आए दिन शराब के नशे में घर आता था और मारपीट करता था। साथ ही, सास द्वारा भी बेटे को उकसाए जाने के आरोप लगाए गए हैं। रोज़मर्रा की कलह और मारपीट से आहत होकर अंजूलता ने 17 दिसंबर की रात जहर सेवन कर लिया। इलाज के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। मृतका अपने पीछे तीन नाबालिग बेटियों को छोड़ गई है, जिनका भविष्य अब अनिश्चितता के साए में आ गया है। मायका पक्ष ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की अपील की है। यह घटना घरेलू हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे की ओर फिर से ध्यान दिलाती है। प्रशासन और समाज से अपेक्षा है कि ऐसे मामलों में समय रहते हस्तक्षेप कर पीड़ितों को संरक्षण और न्याय सुनिश्चित किया जाए।

# रकबा समर्पण और धान उठाव में तेजी से प्रगति लाएं: कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को संपर्क केन्द्र से समिति प्रबंधको एवं ऑपरेटर्स की ऑनलाइन बैठक लेकर धान खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने किसानों के द्वारा धान बेचने के उपरांत शेष रकबे का अनिवार्यतः समर्पण कराने तथा उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि किसानों से रकबा समर्पण और फोटो अपलोडिंग में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर समिति से रकबा समर्पण की प्रतिदिन रोपोर्ट दें।वास्तविक किसानों के रकबे में उपज के अनुसार खरीदी करें, अतिरिक्त रकबे का समर्पण कराएं। उन्होंने अपडेट फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी रकबे की प्रविष्ट किसान के खाते में किया जाए ताकि किसानों को धान बेचने में दिक्कत न हो। इसीतरह समितियों में माइक्रो एटीएम का उपयोग बढाकर किसानों को नगद आहारण की सुविधा देने कहा। सभी उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा मे बारदाना की उपलब्धता एवं बारिश से धान को सुरक्षित रखने के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।




## वार्ड नंबर-8 में हिंदू जागरण मंच ने मनाई बाबा गुरु घासीदास की जयंती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**डोंगरगढ़ 21 दिसंबर।** शहर के छीरपानी वार्ड नंबर 8 में हिंदू जागरण मंच द्वारा गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश आज के समाज के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। इस दौरान भाजपा महिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ शहर भाजपा मंत्री अलका सहारे लक्ष्मी यादव अजय शर्मा और निखिल शर्मा परदेसी टंडन शांति बंजारे कलाबाई मारकंडे ओम प्रकाश टंडन कन्हैया जांगड़े सुरेश बंजारे श्याम कुटेल राजकुमार टंडन हिरौंदी बाई नवरंगी टिकेश्वरी टंडनसुशीला जांगड़े ग्रामीण व हिंदू जागरण मंच के सदस्य उपस्थित थे।

## महाराजबंध तालाब सफाई के 10 दिन पूरे, प्रतिदिन निकल रहा 2 ट्रक कचरा

**रायपुर21 दिसंबर।** कभी उपेक्षा और गंदगी से जूझ रहा ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब आज ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ के अथक प्रयासों से नई पहचान की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे के नेतृत्व में चल रहा तालाब सफाई अभियान आज लगातार 10 दिन पूर्ण कर चुका है, जिसमें प्रतिदिन औसतन 2 ट्रक कचरा, प्लास्टिक, पॉलीथिन और गाद बाहर निकाली जा रही है। यह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि शहर की जलधरोहर को बचाने का एक सशक्त जनआंदोलन बन चुका है। इस महाअभियान में दुर्गा महाविद्यालय एवं गुरुकुल महिला महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ ग्रीन आर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान कर रहे हैं। छात्रों द्वारा दी जा रही कार सेवा और सक्रिय सहभागिता यह स्पष्ट संदेश देती है कि रायपुर का युवा वर्ग पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरी तरह जागरूक और प्रतिबद्ध है। नगर निगम द्वारा भी समय-समय पर पोकलेन मशीन उपलब्ध कराई गई है तथा विगत चार दिनों से तीन मजदूरों को भेजकर सफाई कार्य में सहयोग किया जा रहा है, जिससे अभियान को आवश्यक समर्थन मिल रहा है। महाराजबंध तालाब की सफाई केवल एक स्थल तक सीमित नहीं है, यह उस सोच की शुरुआत है जिसमें समाज खुद आगे आकर अपनी धरोहरों को बचाने का जिम्मा लेता है। 10 दिनों की यह निरंतर मेहनत साबित करती है कि जब नीयत साफहो तो बदलाव तय होता है।

## छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के सहयोग से रायपुर में पहली बार केरा वैन फेस्ट का आयोजन

■ **देश भर से विशेष रूप से तैयार की गयी कैरा वैन होंगी आकर्षण का केंद्र**




**रायपुर 21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन को नए आयाम देने की दिशा में एक अनूठी पहल के रूप में कैरा वैन फेस्ट – A Short Journey into the Heart of Chhattisgarh का आयोजन 22 दिसंबर 2025 को अरन्यम्म रिसॉर्ट, माना बस्ती, माना टूटा रोड, रायपुर में किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रायोजन में तथा ओवरलैंडर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से संपन्न होगा। शाम 4:00 बजे से 8:00 बजे तक चलने वाले इस विशेष फेस्टिवल में एडवेंचर, नेचर और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। कैरा वैन फेस्ट का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को कैरा वैन टूरिज्म, कैंपिंग और एक्सपीरिएंशियल ट्रैवल के एक नए और आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है, हालांकि इसमें भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है। आयोजकों नवीन तलवार के अनुसार, यह फेस्ट खास तौर पर युवाओं, ट्रैवल एंथूजियास्ट्स, कैरा वैन और ओवरलैंडिंग कम्युनिटी के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि लोग छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और सांस्कृतिक विविधता को एक नए अनुभव के साथ महसूस कर सकें। कार्यक्रम का आयोजन सहायोजक एनएम इवेंट्स द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने रायपुर एवं आसपास के नागरिकों, ट्रैवल ब्लॉगर्स, मीडिया प्रतिनिधियों और एडवेंचर प्रेमियों से इस अनूठे आयोजन में शामिल होकर छत्तीसगढ़ के दिल की इस छोटी लेकिन यादगार यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया है।

#### डोंगरगढ़ रेलवे के गौरवशाली इतिहास को धरोहर के रूप में पुनर्स्थापित करने सांसद प्रतिनिधि ने

# रेलवे परिसर में स्टीम इंजन मॉडल के रूप में स्थापित करने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ 21 दिसंबर।** सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय सहित रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की है कि,रेलवे परिसर में स्टीम इंजन मॉडल के रूप में स्थापित कर,डोंगरगढ़ रेलवे के गौरवशाली इतिहास को धरोहर के रूप में पुनर्स्थापित किया जाय। श्री हथेल ने कहा कि, डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन ब्रिटिश शासन के समय से प्रतिष्ठित पसंदीदा स्टेशन रहा है। शहर का रेलवे कॉलोनी आकर्षण का केन्द्र रहा है। डोंगरगढ़ रेलवे पूर्व में स्टीम इंजन का बहुत बड़ा हब रहा है। जहाँ पर हजारों रेल कर्मचारि कार्यरत रहे है।

केंद्र सरकार द्वारा डोंगरगढ़ स्टेशन को स्मार्ट अमृत स्टेशन का दर्जा दिया है।पर्यटकों के लिए डोंगरगढ़ एक धार्मिक नगरी के नाम से प्रख्यात है। धर्मनगरी डोंगरगढ़ की विश्व मे एक अपनी पहचान है। जिसे ध्यान में रखते हुए श्री हथेल ने नेताओं सहित रेलवे के उच्च अधिकारियों से रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र में प्रदर्शनी के रुप मे एक पुराना स्टीम इंजन रखने की मांग की है जिससे डोंगरगढ़ रेलवे के अतीत को डोंगरगढ़ के नव युवको को प्रेरणा मिले और वह प्रेरित रहे। श्री हथेल ने कहा कि,कई रेलवे क्षेत्र में अभी भी स्टीम इंजन डीजल इंजन जैसी सुविधाएं आज भी जिंदा है जो हमे पुरानी यादें याद दिलाती है हथेल ने कहा हमे डोंगरगढ़ की याद अतीत को जिंदा रखना है। इसलिए सार्वजनिक स्थान में एक मॉडल के रूप में स्टीम इंजन स्थापित किया जाए।

**प्रदेश में रेलवे की धरोहर के रूप में डोंगरगढ़ को जाना जाता है -** छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में रेलवे की धरोहर मुख्य रूप से डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के रूप में है, जो मुंबई-हावड़ा रूट पर एक व्यस्त और महत्वपूर्ण जंक्शन है। और यह माँ बम्लेश्वरी मंदिर के लिए यात्रियों का प्रवेश द्वार है। स्टेशन को हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक और भव्य रूप दिया गया है, जो आध्यात्मिकता और आधुनिकता का संगम है, जिससे यह क्षेत्र के व्यापार और पर्यटन के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गया है।

**डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन का महत्व:** प्रमुख जंक्शन: यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (स्क्षष्टक्र) का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जो मुंबई-हावड़ा मुख्य लाइन पर स्थित है और कई यात्रियों व मालगाड़ियों को संभालता है।

धार्मिक केंद्र: यह प्रसिद्ध माँ बम्लेश्वरी मंदिर (1600 फीट ऊंची पहाड़ी पर) के करीब है, जिससे यह एक प्रमुख तीर्थ स्थल भी है और बड़ी संख्या में भक्त यहाँ आते हैं।

आधुनिक विकास: अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इसका पुनर्विकास किया गया है, जिससे यह एक सुंदर और सुव्यवस्थित स्टेशन बन गया है, जो छत्तीसगढ़ के रेलवे के विकास का प्रतीक है।

परिवहन हब: यह राजनांदगांव जिले और आसपास के क्षेत्रों को देश के बड़े शहरों से जोड़ता है, जिससे व्यापार और यात्रा आसान होती है। संक्षेप में, डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन केवल एक परिवहन केंद्र नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की आस्था, इतिहास और आधुनिक विकास का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। रेलवे की स्थापना (विशेषकर गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी लाइन और कटघोरा-डोंगरगढ़ जैसे नए प्रोजेक्ट्स) के साथ डोंगरगढ़ का विकास तेजी से हो रहा है, जिससे औद्योगिक प्रगति, पर्यटन (माँ बम्लेश्वरी मंदिर) को बढ़ावा, बेहतर कनेक्टिविटी और रोजगार के अवसर बढ़े हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और लोगों की जीवनशैली में सुधार आ रहा है, जो इसे छत्तीसगढ़ के ÷विकसित छत्तीसगढ़÷ विज़न का एक अहम हिस्सा बनाता है।

**रेलवे से डोंगरगढ़ के विकास के मुख्य पहलू:** नई रेल लाइनें (जैसे गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी लाइन) कोयला खदानों और औद्योगिक क्षेत्रों से कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन को सुगम बनाती हैं, जिससे छत्तीसगढ़ की खनिज अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापार बढ़ता है और स्थानीय उद्योगों को लाभ मिलता है, जिससे आर्थिक गतिविधियाँ तेज होती हैं।


**पर्यटन और धार्मिक महत्व:पर्यटकों की संख्या में वृद्धि:** डोंगरगढ़, माँ बम्लेश्वरी मंदिर और चंद्रगिरी जैन मंदिर जैसे तीर्थ स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ने से देशभर से श्रद्धालु और पर्यटक आसानी से पहुँच पाते हैं, जिससे स्थानीय व्यवसायों को फायदा होता है।डोंगरगढ़ स्टेशन का पुनर्विकास किया गया है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं (लिफ्ट, एस्केलेटर, वातानुकूलित प्रतीक्षालय) और स्थानीय कला (बम्लेश्वरी मंदिर, लोककला) का प्रदर्शन है, जो इसे और आकर्षक बनाता है।

**बेहतर कनेक्टिविटी और सामाजिक सुधार:यात्रियों की सुविधा:** यात्री अब आसानी से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से जुड़ सकते हैं, जिससे यात्रा आसान और तेज हुई है।

रेलवे परियोजनाओं और बढ़े हुए व्यापार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। बेहतर परिवहन सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आसानी से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा पाते हैं, जिससे जीवनशैली सुधरती है।

**पर्यावरणीय लाभ:कार्बन उत्सर्जन में कमी:** नई रेल लाइनों से सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होती है, जिससे डीज़ल की बचत और ष्टह्र2 उत्सर्जन में कमी आती है, जो सतत विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। संक्षेप में, रेलवे की स्थापना और विस्तार ने डोंगरगढ़ को एक महत्वपूर्ण परिवहन और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया है, जिससे इसका सर्वांगीण विकास हो रहा है और यह राज्य के औद्योगिक और धार्मिक परिदृश्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## शिक्षकों को दिया विषय आधारित प्रशिक्षण



**भाटापारा 21 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शैक्षाणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद तथा डाइट के निर्देशानुसार विकास खंड सिमगा के बी आर सी आर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सिमगा में सामाजिक विज्ञान , विज्ञान, अंग्रेजी , संस्कृत 5 दिवसीय विषय आधारित 20 दिसंबर को सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण के दूसरे दिन डाइट प्राचार्य संगीता यादव पहुंचकर मार्गदर्शन दिए , प्रशिक्षण में मुख्य रुप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर, बीआरसी किरण कुमार वर्मा , सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी चतुर सिंह ध्रुव मास्टर ट्रेनर सुरेश कुमार वर्मा, गेंद राम ध्रुव , केशव प्रसाद साहू , घनश्याम देवांगन, नवीन वर्मा , धीरेन्द्र कुमार तिवारी, केदारनाथ, आशीष कुमार ,झाल सिंह और प्रशिक्षण लेने वाले ब्लॉक के शिक्षक साथी मौजूद थे ।


## सुशासन बाबू महिलाओं का बहुत सम्मान करते हैं

राजनीति में आरोप लगाने का मौका विरोधियों को मिलता है तो वह मौके लपकने में देर नहीं करते हैं।. तुरंत लपक लेते हैं क्योंकि वह समझते हैं कि ऐसा मौका फिर कहां मिलने वाला है। मिला है तो इसका फायदा उठाना चाहिए भले ही उनका लगाया गए आरोप पर कम ही लोग भरोसा करे, ज्यादातर लोग भरोसा न करें।बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने हाल के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को दस दस हजार रुपए फिर एक महिलाओं का सम्मान किया और बदले में महिलाओं ने फिर एक बार सुशासन बाबू नीतीश कुमार की झोली वोटों से भर दी और विरोधियो को ऐसा झटका दिया कि इसकी पीड़ा जिंदगी भर रहेगी।२५ के बिहार विधानसभा चुनाव को लालू परिवार व कांग्रेस व भाजपा विरोधियों की सबसे शर्मनाक हार के लिए हमेशा याद किया जाएगा। भाजपा विरोधियों व नीतीश विरोधियों को यह हार हमेशी याद दिलाएगी की कि बड़ी बड़ी बातें कर रहे थे कैसे बुरी तरह महिलाओं ने हराया था। सुशासन बाबू नीतीश कुमार ने बिहार की महिलाओं के लिए पिछले दो दशक से बहुत कुछ किया है, वह महिलाओं का सम्मान करते हैं,इसलिए महिलाएं उनका सम्मान करती हैं, उनको अपना अभिभावक मानती हैं, घर का मुखिया मानती हैं, नीतीश कुमार भी राज्य की महिलाओं का घर की महिलाओं की तरह सम्मान करते हैं, वह चाहते हैं कि महिलाएं खूब तरक्की करें। बालिकाएं खूब पढ़े,आगे बढ़े इसके लिए नीतीश कुमार ने स्कूल जाने वाली बालिकाओं को साइकिल दी।इसके बाद महिलाओं ने मांग की राज्य में शराबबंदी होनी चाहिए तो नीतीश कुमार ने राज्य को आर्थिक रूप से नुकसान होने पर भी शराबबंदी की। इसके लिए नीतीश कुमार की खूब आलोचना हुए लेकिन नीतीश कुमार ने महिलाओं के सम्मान के लिए शराबबंदी के लिए एक बार कदम उठाने के बार कदम पीछे नहीं हटाया। इससे बाद महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए नीतीश कुमार ने महिलाओं को रोजगार के लिए दस दस हजार रुपए देने की योजना बनाई और रुपए उनके खाते में दिए भी। वह दस हजार रुपए का उपयोग कर अच्छा काम करती हैं तो नीतीश सरकार उनको और ज्यादा पैसा देगी। महिलाओं के लिए बरसों से इतना काम करने वाला आदमी क्या किसी महिला का अपमान करने की सोच सकता है, कोई ऐसी हरकत कर सकता है जिससे महिला अपमानित महसूस करे। एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार आयुष के डाक्टरों को नियुक्ति पत्र बांट रहे थे, कई महिलाओं को उन्होंने नियुक्ति पत्र दिया। किसी महिला का कोई अपमान नहीं किया।क्योंकि नीतीश कुमार खुश थे की राज्य की महिलाओं को वह नियुक्ति पत्र दे रहे हैं और महिलाएं भी खुश थी सीएम नीतीश कुमार के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर। सरकार कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाओं के चेहरे सबको दिख रहे थे, ऐसे में एक मुस्लिम महिला चेहरा आधे ढके आई और नीतीश कुमार ने उनके आधे ढंके चेहरे को देखकर इशारा किया कि संभवतः वह यह कह रहे थे कि इसकी क्या जरूरत है। जब सरकारी कार्यक्रम में सबसे चेहरे दिख रहे हैं एक चेहरा क्यों आधा ढका हुआ है। यहां महिला का अपमान करने का कोई भाव नहीं था क्योंकि नीतीश कुमार ने जीवन में कभी किसी महिला का अपमान नहीं किया है। जिस आदमी ने महिलाओं का सम्मान ही किया है, वह अपमान कर ही नहीं सकता। उसने जो किया विरोधी लोगों को, सियासत करने वालों को गलत दिख सकता है क्योंकि वह गलत देखने का प्रयास करे हैं, नीतीश कुमार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, उनकी महिला सम्मान करने वाले नेता की छबि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने महज अलग दिख रही महिला के चेहरे से कपड़ा हटाकर उनको भी अह्र महिलाओं के समान देखने का प्रयास किया। जैसे उनको दूसरी महिलाओं को सहज देखा वैसे ही वह मुस्लिम महिला का सहज देखना चाहते थे। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि उस महिला ने नीतीश कुमार को चेहरे का कपड़ा हटाने के लिए बुरा कुछ नहीं कहा।उसने साफ कहा है कि इसके लिए सीएम दोषी नहीं है। वह सबसे ज्यादा असहज इस बात से हुई कि नीतीश कुमार ने चेहरे से कपड़ा हटाया तो वहां मौजूद लोग जोर से हंस पड़े। ऐसी स्थिति में कोई भी संस्कारी महिला असहज हो सकती है। महिला ने मामले में नीतीश कुमार के खिलाफ कोई कडी बात तक नहीं कही है लेकिन मोदी व नीतीश विरोधियों को मौका मिल गया है और नीतीश कुमार के एफआईआर दर्ज करा रहे है कि उन्होंने महिला का अपमान किया है। नीतीश कुमार की इस घटना पर इसलिए भी आलोचना हो रही है कि वह मोदी के साथ हैं और उनका साथ नहीं छोड़ने की बात बार बार कह रहे हैं। नीतीश कुमार अभी पलटी मार देंगे सारे विरोधी नीतीश कुमार की तारीफ करने लगेंगे।

राजनीति

# खुद ही मिट जायेंगे गांधी को मिटाने वाले

**तनवीर जाफ़री**



महात्मा गाँधी के नाम से नफ़रत करने व इसे मिटाने की कोशिशों का एक और प्रयास पिछले दिनों संसद में उस समय देखने को मिला जबकि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम अर्थात 'मनरेगा ' का नाम बदलकर "विकसित भारत - गारंटी फ़ॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)" अथवा संक्षेप में 'वी बी जी राम जी' कर दिया। हालांकि पहले यह ख़बरें थीं कि इसे "पूज्य बापू ग्रामीण रोज़गार योजना" का नाम दिया जायेगा परन्तु आख़िरकार इस योजना से सरकार ने महात्मा गाँधी का नाम हटा ही दिया। ग़ौरतलब है कि मनरेगा की शुरुआत 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार द्वारा की गयी थी। प्रारंभ में इसका नाम जवाहर रोज़गार योजना था परन्तु बाद में कांग्रेस ने ही इस योजना को महात्मा गांधी का नाम दे दिया था। अब विपक्ष इसे गांधी का नाम हटाने और मिटाने की भाजपाई कोशिश बता रहा है, जबकि सरकार के अनुसार वह गांधी के विचारों को और मज़बूत कर रही है। हालांकि सरकार ने योजना का नाम बदलने के साथ ही इस योजना में कुछ सुधार और विस्तार करने का भी दावा किया है परन्तु कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल इसे गांधी का अपमान बता रहे हैं। कांग्रेस के अनुसार इससे योजना की मूल भावना ही बदल रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि जिस तरह अन्य कई योजनाओं,क़ानूनों,मार्गों,शहरों,स्टेशन आदि के नाम बदलना भाजपा की रणनीति का एक हिस्सा है उसी तरह महात्मा गांधी का नाम हटाना भी उसी मुहिम का एक हिस्सा है। भाजपा,गांधी का सम्मान करती है,सम्मान करने का दिखावा करती है या सम्मान करते हुये नज़र आना उसकी मजबूरी है यह एक ऐसी वैचारिक बहस का मुद्दा है जो गांधी की हत्या के बाद से ही छिड़ा हुआ है। गाँधी का हत्यारा कौन था,उसकी विचारधारा क्या थी ? आज उस विचारधारा के अलंबरदार कौन लोग हैं ? सत्ता से उनके क्या रिश्ते हैं यह बातें किसी से छुपी नहीं हैं। विगत दस वर्षों से तो ख़ास तौर पर जिसतरह सत्ता समर्थित अनेक सांसदों द्वारा व इसी से जुड़े अनेक संगठनों के लोगों द्वारा जिसतरह गांधी का बार बार अपमान क्या गया,यहाँ तक कि उन्हें गोली मारने का दृश्य तक दोहराया गया,गांधी के हत्यारे आतंकी नाथू राम गोडसे का महिमामंडन किया गया,उसकी प्रतिमा लगाने तक के दुष्प्रयास किये गये यह सब इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि वर्तमान सत्ता के साये तले महात्मा गाँधी के प्रति नफ़रत ख़ूब फली फूली है। आश्चर्य की बात तो यह है जिनके आदर्श नेताओं ने अंग्रेज़ों के तलवे चाटे थे,उनके रहम-ो-करम पर जीने को मजबूर थे वही शक्तियां आज उस गांधी के अपमान पर उतारू हैं जिन्हें पूरी दुनिया,यहाँ तक कि ख़ुद अंग्रेज़ भी झुककर सम्मान देते हैं? यह पहला मौक़ा नहीं है जबकि मनरेगा से गांधी का नाम हटाया गया है। याद कीजिये 2017 में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने हमेशा छपने वाले अपने कैलेंडर में महात्मा गांधी की चरखा घुमाती हुई तस्वीर की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समान मुद्रा वाली फ़ोटो लगा दी थी। उस समय खादी ग्रामोद्योग के कर्मचारियों और विपक्ष ने भी इसे गांधी जी की विरासत का अपमान बताया था। उस समय सोशल मीडिया पर भी ख़ूब फ़ोटोशॉप्ड मीम्स व ट्रोलिंग हुई। भाजपा नेताओं को तो शायद गांधी का नाम भी सम्मान से लेने में परेशानी होती है। तभी अमित शाह ने महात्मा गांधी को जून 2017 को छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि 'गांधी एक चतुर बनिया था। ' उस समय भी कांग्रेस ने अमित शाह पर राष्ट्रपिता के लिए 'चतुर बनिया' शब्द का इस्तेमाल कर गाँधी का अपमान करने का आरोप लगाया था । उस समय भी कांग्रेस ने कहा था कि आज़ादी के बाद, बीजेपी ऐसा कर रही है,जैसा अंग्रेज़ों ने किया था। 31 अक्टूबर 2013 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी का शिलान्यास गुजरात के नर्मदा ज़िले में केवड़िया के पास नर्मदा नदी के किनारे किया था । बाद में जब इसका निर्माण 2018 में पूरा हुआ तो नरेंद्र मोदी ने ही प्रधानमंत्री के रूप में इसका उद्घाटन भी किया। मूर्ति की ऊँचाई 182 मीटर है, जो आधार सहित कुल 240 मीटर बनती है। इस प्रतिमा को स्थापित करके भाजपा ने एक तीर से कई शिकार खेलने की कोशिश की।



उनमें एक कोशिश यह साबित करना भी थी कि गुजरात का सबसे ऊँचा व्यक्तित्व गांधी का नहीं बल्कि सरदार पटेल का है। दूसरी यह कि नेहरू के मुक़ाबले में वह पटेल को बड़ा दिखाना चाहती थी। परन्तु अपने उन प्रयासों में वह न तो गाँधी को छोटा कर सकी न ही नेहरू-पटेल के कथित मतभेदों को हवा दे सकी। हाँ पटेल की प्रतिमा लगाने से यह ज़रूर साबित हो गया कि संघ -भाजपा के पास अपना कोई भी नेता ऐसा नहीं था जिसकी इतनी ऊँची प्रतिमा बनवाई जा सकती। और यह भी कि गांधी-नेहरू को पटेल से छोटा दिखाने की छटपटाहट में वह यह भी भूल गयी कि स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने ही 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की हत्या के तुरंत बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगा दिया था। यह बैन 4 फ़रवरी, 1948 को तब लगाया गया था जब यह चिंता थी कि संघ की गतिविधियों ने सांप्रदायिकता फैलाई है जिससे हिंसा को बढ़ावा मिला है। पटेल ने फ़रवरी 1948 में नेहरू को लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि संघ के सदस्यों ने गांधी की मौत का जश्न मनाया। सर्वविदित है कि गांधी की हत्या हिंदू महासभा से जुड़े आर एस एस के ही पूर्व सदस्य नाथूराम गोडसे ने की थी, जिसके बाद सरकार ने उन संगठनों के ख़िलाफ़ तुरंत कार्रवाई की जिन्हें नफ़रत फैलाने वाला माना जाता था। पटेल नेसंघ को अस्थिर करने वाला संगठन माना, और इसकी विचारधारा को साम्प्रदायिक बताया। बहरहाल दुनिया भर से दिल्ली पहुँचने वाले राष्ट्राध्यक्षों व राष्ट्र प्रमुखों के दिल्ली आगमन पर राजघाट पहुंचकर उन्हें नमन करना या विश्व शांति व बंधुत्व के लिये दुनिया भर में बुलाये जाने वाले मार्च व प्रदर्शनों में गाँधी के चित्रों व उनके सद्भावनापूर्ण विचारों को सर्वोपरि रखना या फिर दुनिया के अनेक देशों में प्रमुख स्थलों पर गाँधी की आदमक़द प्रतिमाओं को सम्मान दिया जाना इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफ़ी है कि महात्मा गाँधी का नाम किसी योजना से हटाने,उनका नाम शौचालयों पर लिखने या नालों के किनारे उनकी फ़ोटो लगाकर उनका अपमान करने जैसे छिछोरे प्रयासों से न तो गांधी का क़द घटने वाला है न ही उनका नाम मिटने वाला है। सच तो यह है कि -' ख़ुद ही मिट जायेंगे गांधी को मिटाने वाले '।

## सू- दोकू क्र.265

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.264 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -265

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 264 का हल**



## राशिफल

**मेष** मेष राशि के लिए आज का दिन सफलता की इबारत लिखने वाला होगा। आपको आज अपने काम में भाग्य सफल बनाएगा। आप ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आज आपका प्रभाव और सम्मान बना रहेगा। जो जातक होटल और किराना के कारोबार से जुड़े हुए हैं उनको आज विशेष रूप से लाभ प्राप्त होगा। घर परिवार के मामले में भी आज का दिन आपका सुखद बीतेगा।

**वृषभ** वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन मान सम्मान में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपको आज पिता और पिता समान व्यक्ति से सहयोग मिलेगा। बिजनेस में आज आपकी कमाई में वृद्धि होगी। वस्त्र और आभूषण के कारोबार से जुड़े जातकों की भी आज अच्छी कमाई होगी। आप आज सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे। किसी सामाजिक काम में भाग लेने से आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आप वैवाहिक जीवन में आज जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त कर पाएंगो। आपको रुचिकर भोजन की प्राप्ति होगी।

**मिथुन** मिथुन राशि के जातको के लिए आज रविवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज सेहत का ध्यान रखना होगा। नौकरी में आज आपको अनावश्यक ही तनाव मिल सकता है। लेकिन आपको अपने काम के प्रति ईमानदार रहना चाहिए, विरोधी अहित नहीं कर पाएंगे। बिजनेस में आज आपकी कमाई अच्छी रहेगी। दिन का दूसरा भाग विशेष रूप से आपको लाभ दिलाएगा। आपको आज मित्रों से भी पूरा सहयोग मिलगा। किसी सगे संबंधी से मिलने का संयोग बन सकता है। पिता और चाचा से आपको आज लाभ मिलने का योग बना हुआ है। आपको आज सुस्ती महसूस होगी। कंधे और कमर में दर्द महसूस कर सकते हैं। संतुलित आहार लें।

**कर्क** कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुखद और मनोरंजक रहेगा। आपकी रुचि आज धर्म अध्यात्म में भी रहेगी जिससे आपको ईश्वरीय कृपा का भी लाभ मिलेगा। आप आज घर की व्यवस्था में जीवनसाथी की मदद करेंगे। पारिवारिक रिश्ते में आज प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। कोई पुराना मित्र या परिचित आज आपसे मिलने आ सकता है। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला है तो आज उसे सुलझाने में आपको सफलता मिलेगी। आप आज कोई उपहार और सम्मान भी मिल सकता है।

**सिंह** सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन उत्साहवर्धक रहेगा। आप आज अपने कई अटके हुए काम को पूरा कर पाएंगे। आपका प्रभाव और सम्मान भी आज बढेगा। नौकरी करने वाले जातकों को आज साथी सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। आपकी कोई बड़ी चाहत भी पूरी होगी। जो लोग वाहन और गृहनिर्माण संबंधी वस्तुओं के कारोबार से जुड़े हुए हैं उनको आज लाभ मिल पाएगा। पारिवारिक जीवन में आज सगे संबंधियों से मिलने का संयोग बन सकता है। कोई मित्र आज आपकी मदद भी करेगा।

**कन्या** कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। राशि स्वामी बुध आज आपकी राशि से तीसरे भाव में बैठकर आपके लिए लाभ का सृजन कर रहे हैं। आपको आज अपने साहसिक कार्य और प्रयास से फायदा मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आपको आज घर के लोगों से सहयोग और सपोर्ट मिलेगा। आपको आज मान सम्मान की प्राप्ति होगी। सितारे बता रहे हैं कि कन्या राशि के छात्र आज शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। आपको शिक्षण कार्य मे भी आज फायदा मिलेगा।

**तुला** तुला राशि के जातको के लिए आज रविवार का दिन अच्छा रहेगा। आपको आज पिता और घर के वरिष्ठ सदस्यों से सहयोग मिलेगा। सामाजिक कार्यों में आज आपकी सहभागिता और रुचि बनी रहेगी। आप अपने शौक और मनोरंजन पर भी आज धन खर्च कर सकते है। किराना और वस्त्रो के कारोबार से जुड़े जातकों की आज अच्छी कमाई होगी। सितारे बताते हैं कि आज आपको किसी वजह से यात्रा भी करनी पड़ सकती है। लव लाइफ में आपका आपसी प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा।

**वृश्चिक** आज का दिन वृश्चिक राशि के जातको को लिए लाभ के साथ खर्चीला भी रहेगा। आपको आज घरेलू जरूरतों पर धन खर्च करना होगा। बिजनेस करने वाले जातकों की आज अच्छी कमाई होगी। राशि में विराजमान बुध आपको बुद्धि और चतुराई से लाभ दिलाएंगे। आप आज परिवार के साथ यात्रा पर भी जा सकते हैं। बहनों से आपको आज विशेष रूप से सहयोग मिल पाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी आज का दिन वृश्चिक राशि के जातकों के लिए अनुकूल रहेगा। वैवाहिक जीवन के मामले में भी आज का दिन आपका रोमांटिक बीतेगा।

**धनु** धनु राशि के जातको के लिए आज रविवार का दिन शुभ रहेगा। लेकिन मानसिक रूप से आप उलझन भी महसूस करेंगे। आपकी राशि में दो उग्र विराजमान हैं ऐसे में आपको आज आवेश में आने से बचना होगा। धार्मिक विषयो में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। नौकरी में आपका प्रभाव और सम्मान भी आज बढेगा। कोई पुराना मित्र या परिचित आपकी आज मदद कर सकता है। आज आपके घर पर किसी मित्र या मेहमान के आगमन से चहल-पहल बनी रहेगी। आज आज दोस्तों के साथ कहीं घूमने की योजना भी बना सकते हैं।

**मकर** मकर राशि के लोगों के लिए आज रविवार का दिन मिश्रित रहेगा। आपको आज कुछ अनचाहे खर्च का सामना करना होगा। दिन के पहले भाग में आप सुस्ती भी महसूस करेंगो। लेकिन दिन का दूसरा भाग आपसे सक्रियता की मांग करेगा। आपको आज लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। कामकाज में आज आपको कुछ उलझन और परेशानी का भी सामना करना पड़ सकता है। धर्म कर्में रुचि लेने से आज का दिन आपका अनुकूल बनेगा। आपको घर के बड़ों से सहयोग प्राप्त होगा। आपको आज तकनीकी क्षेत्र में और विदेशी क्षेत्र से भी लाभ प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष के संबंधियों से भी आपको सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अधिक प्रयास करना होगा, कुछ अटके हुए काम को भी पूरा करना होगा। घर परिवार के मामले में आपको आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर रखना होगा नहीं तो किसी बात को लेकर आपस में मतभेद हो सकता है। लोहा और गृह निर्माण संबंधी वस्तुओं का कारोबार करने वाले जातकों की कमाई में आज वृद्धि होगी। सामाजिक काम में आज आपकी रुचि रहेगी और सामाजिक क्षेत्र में आपका सम्मान बढेगा।

**मीन** मीन राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन सामान्य रहेगा। दिन का आरंभ सुस्त रहेगा लेकिन कुल मिलाकर दिन आपका सकारात्मक बीतेगा। बीमार चल रहे जातकों की सेहत में सुधार होगा लेकिन जिन जातकों को हाल फिलहाल में शल्य चिकित्सा से गुजरना पड़ा है उनको अपना ध्यान रखना होगा। कामकाज आपका आज सुचारू रूप से चलेगा। कारोबार में लाभ का संयोग बना रहेगा। आपको वाणी और व्यवहार कुशलता से भी आज फायदा होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े जातकों को आज भाग्य का सपोर्ट मिलेगा।

22 दिसंबर गणित दिवस पर विशेष

# राष्ट्रीय गणित दिवस: प्रेरणा, नवाचार और सीख

**सुनील कुमार महला**

हर वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिन महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि श्रीनिवास रामानुजन का परिवार सरल और पारंपरिक दक्षिण भारतीय पृष्ठभूमि का था। उनके पिता के. श्रीनिवास एक सरकारी कर्मचारी थे और माता रामाइय्या गृहिणी थीं। उनके दो बहनें और एक भाई थे तथा रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को इरोड, तमिलनाडु में हुआ था। परिवार धार्मिक और अनुशासित था, और बचपन में रामानुजन ने माता-पिता से नैतिक और धार्मिक शिक्षा प्राप्त की, जिसने उनके व्यक्तित्व और मानसिक अनुशासन को मजबूत किया। परिवार ने उन्हें शिक्षा और गणित में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया, और उनकी मां का धार्मिक दृष्टिकोण उनके जीवन और कार्यों पर गहरा प्रभाव डाला। रामानुजन ने कुंभकोणम के सरकारी कॉलेज में पढ़ाई की थी, लेकिन गैर-गणितीय विषयों में उनकी रुचि नहीं थी और यही कारण था कि वे 12वीं की परीक्षा में फेल हो गए थे। जिस स्कूल में वो 12वीं में दो बार फेल हुए आज उसका नाम रामानुजन के नाम पर है। जानकारी मिलती है कि उन्होंने मात्र 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी। उन्होंने कई प्रमेय (थ्योरम्स) विकसित कीं तथा कई फॉर्मूले ईजाद किए। उनके इस कमाल से दुनियाभर के गणितज्ञ हैरान रह गए थे। वर्ष 1912 में उन्होंने मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क के पद पर काम करना शुरू कर दिया। यहां उनकी गणित की प्रतिभा को उनके साथियों ने पहचाना और उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी, ट्रिनिटी कॉलेज में रैफर कर दिया। दूसरा विश्व युद्ध शुरू होने से कुछ महीने पहले रामानुजन ने ट्रिनिटी कॉलेज ज्वॉइन कर लिया था तथा 1916 में उन्होंने बैचलर इन साइंस की डिग्री ली। गौरतलब है कि लंदन की मैथमैटिकल सोसायटी में 1917 में उनका चुनाव कर लिया गया।यह भी उल्लेखनीय है कि सन् 1918 में रामानुजन को कैम्ब्रिज फिलोसॉफिकल सोसायटी, रॉयल सोसायटी तथा ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज तीनों का फेलो चुन गया। 1919 में वह भारत लौट आए।

**गणित हमारे जीवन का प्रमुख आधार है:-** बहरहाल, आज गणित हर रूप में हमारी जिंदगी से जुड़ा हुआ है और सच तो यह है आज गणित हमारे जीवन का प्रमुख व महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में मोबाइल फोन, इंटरनेट, कंप्यूटर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सभी गणित पर ही चलते हैं। अस्पतालों में रोगों की जाँच हो, दवाइयों की सही मात्रा और बीमारियों के फैलाव सभी को समझने में गणित ही मदद करता है। अंतरिक्ष यान भेजने, मौसम का हाल बताने और जलवायु परिवर्तन समझने में भी गणित की अहम भूमिका है। बैंक, एटीएम, ऑनलाइन भुगतान और पैसों के लेन-देन को सुरक्षित बनाने में गणित काम आता है। रोज़मर्रा की ज़िंदगी में समय का हिसाब रखना, घर का बजट बनाना, मकान बनवाना या किसी मशीन का इस्तेमाल करना-ये सब गणित के बिना संभव नहीं हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि गणित हमारे जीवन को आसान और सुरक्षित बनाता है।विज्ञान, गणित और तकनीक आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं और आधुनिक जीवन की प्रगति का आधार हैं। विज्ञान प्रकृति और ब्रह्मांड के नियमों को समझने का प्रयास करता है, गणित उन नियमों को संख्याओं, सूत्रों और तर्क के रूप में व्यक्त करता है, जबकि तकनीक विज्ञान और गणित के ज्ञान को व्यवहार में लाकर मानव जीवन को सुविधाजनक बनाती है। बिजली, इंटरनेट, मोबाइल, चिकित्सा उपकरण, अंतरिक्ष यान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता-ये सभी विज्ञान की खोज, गणित की सटीकता और तकनीक के अनुप्रयोग का परिणाम हैं। सरल शब्दों में कहा जाए तो विज्ञान सोच देता है, गणित उसे सही दिशा और माप देता है, और तकनीक उस सोच को जीवन में उपयोगी बनाती है।

**राष्ट्रीय गणित दिवस की शुरुआत और उद्देश्य:-**बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भारत सरकार ने 2012 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा रामानुजन की 125वीं जयंती पर यह घोषणा की कि 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाएगा और उसी साल 2012 को पहले राष्ट्रीय गणित वर्ष के रूप में भी मनाया गया था। आज बच्चे गणित विषय में बहुत कम रूचि दिखाते हैं अथवा गणित के सवालों को हल करने से बचते हैं, यह दिवस बच्चों को गणित विषय के प्रति रूचि, उनमें प्रोत्साहन(प्रतियोगिताएँ, क्विज़, वर्कशॉप और व्याख्यान आयोजित कर) पैदा करता है। यह दिवस बताता है कि गणित केवल एक विषय ही नहीं है बल्कि यह तो सोचने, विश्लेषण करने और समस्या-समाधान की एक महान व बड़ी कला है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह दिवस रामानुजन के गणित के क्षेत्र में योगदान को सम्मान देता है। वास्तव में, उनकी खोजों ने आधुनिक गणित को गहराई और विस्तार दिया है। वास्तव में,इस दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य समाज, विशेषकर विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि, तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि आज हमारे विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि लगातार घटती जा रही है। वास्तव में, इसका मुख्य कारण इसे केवल नियम और फार्मूलों की रटाई के रूप में पढ़ाया जाना है, जिससे इसकी वास्तविक उपयोगिता समझ में नहीं आती और न ही गणित के सवालों को हल करने में आनंद और खुशी का अनुभव बच्चों को हो पाता है। इसके अलावा गणित को कठिन और डराने वाला विषय मानने की मानसिकता, असफलताओं का अनुभव और रोज़मर्रा के जीवन से अलग लगना भी इसकी रुचि कहीं न कहीं कम करता है। इस समस्या का समाधान गणित को खेल, प्रयोग और वास्तविक जीवन के उदाहरणों से जोड़कर पढ़ाने में है। साथ ही, समस्या-समाधान और सोचने-समझने की विधियों पर जोर देकर छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाया जा सकता है। इस तरह गणित रोचक और उपयोगी बनकर विद्यार्थियों की पसंद में शामिल हो सकता है। गणित केवल अंकों का खेल नहीं है, बल्कि जीवन की हर व्यवस्था-विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और दैनिक निर्णयों की आधारशिला है।

**आज के युग में गणित की प्रासांगिकता और महत्व:-**पाठकों को बताता चलूं कि उस जमाने में रामानुजन के पास न तो आधुनिक किताबें थीं, न ही शिक्षक या सुविधाएँ, फिर भी उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत से ऐसे परिणाम दिए जो आज भी कंप्यूटर विज्ञान,भौतिकी,अंतरिक्ष विज्ञान, एन्क्रिप्शन (डेटा सुरक्षा) जैसे क्षेत्रों में उपयोग हो रहे हैं। संक्षेप में कहें तो रामानुजन का गणित समय से बहुत आगे था, इसलिए वह आज भी प्रासंगिक है। पाठकों को बताता चलूं उन्होंने गणित के कुछ बहुत कठिन और गहरे क्षेत्रों में ऐसे सूत्र और सिद्धांत खोजे, जिन पर आज भी दुनिया के गणितज्ञ और वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। उन्होंने संख्या सिद्धांत, अनंत श्रेणियां, निरंतर भिन्न, गणितीय विश्लेषण पर काम किया। उन्होंने संख्या सिद्धांत पर काम करते हुए संख्याओं के गुण-धर्मों को समझा-जैसे अभाज्य संख्याएँ। इसमें रामानुजन ने ऐसे नियम खोजे जो पहले किसी को ज्ञात नहीं थे। उन्होंने अनंत श्रेणियाँ( ऐसी संख्यात्मक श्रेणियाँ जिनका कोई अंत नहीं होता) पर काम करते हुए इनके लिए तेज़ और सटीक सूत्र दिए।निरंतर भिन्न संख्याओं को लिखने का ऐसा तरीका है जिससे कठिन गणनाएँ कम चरणों में अधिक सटीक हो जाती हैं, और रामानुजन ने इसका उपयोग जटिल संख्याओं के सही मान खोजने में किया। वहीं गणितीय विश्लेषण गणित का वह क्षेत्र है जो यह समझने में मदद करता है कि संख्याएँ और फलन कैसे बदलते हैं या अनंत की ओर कैसे बढ़ते हैं; रामानुजन ने इसी के माध्यम से अनंत श्रेणियों और जटिल समीकरणों के लिए सरल, प्रभावी और नए सूत्र दिए, जो आज भी गणित और विज्ञान में उपयोगी हैं।आज गणित को केवल किताबों और परीक्षाओं तक सीमित न रखकर उसे व्यवहारिक और उपयोगी बनाने की जरूरत है।

## एक नजर

### सघन पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान 23 दिसंबर तक

**दंतेवाड़ा, 21 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में सघन पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। यह अभियान कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में संचालित होगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 41,441 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस तरह विकासखंडवार लक्ष्य के अनुसार दंतेवाड़ा में 13,463, गीदम में 11,723, कटेकल्याण में 6,585 तथा कुआकोंडा में 9,670 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी, ताकि बच्चों को पोलियो जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पोलियो बूथ, मोबाइल टीमें एवं ट्रांजिट टीमें तैनात की जाएंगी। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार, ईट-भट्टों सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। इस संबंध में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएंगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने जिले वासियों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाएं एवं स्वास्थ्य कर्मियों को पूरा सहयोग प्रदान करें, ताकि जिले को पोलियो मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

### रबी उद्यानिकी फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू

**दंतेवाड़ा, 21 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय उद्यानिकी विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार शासन की अधिसूचना के अनुरूप वर्ष 2025-26 के लिए राज्य में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू कर दी गई है। इस योजना का उद्देश्य रबी मौसम में उद्यानिकी फसल उत्पादक किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत रबी मौसम की प्रमुख उद्यानिकी फसलें टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज को शामिल किया गया है। इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले के इच्छुक एवं पात्र कृषक 31 दिसंबर 2025 तक कृषि सेवा केंद्र, संबंधित बैंक शाखा, सहकारी समिति अथवा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इसके अलावा बीमा कंपनी के जिला स्तरीय प्रतिनिधि श्री चंदन कुमार निषाद से मोबाइल नंबर 9109258253 पर सीधे संपर्क भी किया जा सकता है। सहायक संचालक उद्यान, ने इस संबंध में जानकारी दी कि योजना में शामिल होने के लिए कृषकों को भू-अधिकार अथवा पट्टाधारक होने का प्रमाण पत्र, फसल बुआई प्रमाण पत्र या प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्व-घोषणा पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों के बीमा हेतु किसानों को निर्धारित बीमित राशि का केवल पांच प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी। फसल बीमा से संबंधित जानकारी एवं बीमा कराने के लिए कृषक अपने-अपने विकासखंड स्तर पर संबंधित उद्यान अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने प्रशासनिक प्राथमिकताओं एवं विकास संबंधी योजनाओं पर साझा किए विचार

**दंतेवाड़ा,21 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परिचयात्मक चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री ध्रुव ने मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए जिले की प्रशासनिक प्राथमिकताओं एवं विकास संबंधी योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि मीडिया प्रशासन और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे फील्ड में जाकर वास्तविक परिस्थितियों से अवगत हों तथा यदि किसी भी प्रकार की समस्या, जनहित से जुड़ा विषय अथवा योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कमी सामने आती है तो उसे सीधे प्रशासन के संज्ञान में लाएं। उन्होंने जिले में नवीन संचालित योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बताया कि इस योजना अंतर्गत दंतेवाड़ा जिला भी चयनित है।

# भाजयुमो के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राहुल ने माँ दंतेश्वरी मंदिर पहुंच टेका मत्था, लिया आशीर्वाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश भर में अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है। इस नई सूची में दंतेवाड़ा जिले को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। संगठन ने राहुल असरानी को दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजयुमो अध्यक्ष समेत सभी बीजेपी संगठन दंतेवाड़ा के नव गठित टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को माईजी मंदिर पहुंच मां के दर्शन पूजन का उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर किया। नई दायित्वों के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कुणाल ठाकुर को युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन का मानना है कि उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से प्रदेश स्तर पर मोर्चा को नई दिशा मिलेगी। दंतेवाड़ा जिले से वीरेश मिश्रा को विशेष आमंत्रित सदस्य और भावना परगनिया को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। दोनों नेताओं को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सभी मोर्चा पदाधिकारियों ने बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंचकर पूजा-अर्चना की। देवी दर्शन कर प्रदेश एवं जिले की खुशहाली, शांति और विकास की कामना की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन ने संगठन में एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि संगठन पूरी मजबूती के साथ जनता की सेवा और जनहित के मुद्दों पर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं ने यह भी कहा कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिले और प्रदेश में संगठन विस्तार, सामाजिक सरोकारों और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देगा। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी,मोर्चा एवं मंडल के पदाधिकारीगण,युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित।

### आपसी रंजिश का नतीजा मान रही पुलिस, सुकमा से पीछा करते दंतेवाड़ा पहुंचे थे हमलावर

# दंतेवाड़ा में दिनदहाड़े डीएसपी पर चाकू से हमला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21 दिसंबर।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा दिन दहाड़े एक डीएसपी पर चाकू से हमला करने की सनसनीखेज वारदात शुक्रवार को हुई। घटना कलेक्टर कार्यालय के पास शहर के एचडीएफसी बैंक के सामने बैंक से पैसा निकालकर बाहर निकलते समय यह हमला हुआ। इस हमले में सुकमा जिले के जगरगुंडा में पदस्थ एसडीओपी तोमेश वर्मा घायल हो गए। उनके चेहरे के बांई तरफ चाकू से गहरी चोट आई है। हमले में घायल एसडीओपी तोमेश वर्मा को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी स्थिति डाक्टरों ने खतरे से बाहर बताया है। हमले के तुरन्त बाद मौके पर मौजूद जवानों ने हमलावर को दबोच लिया और सड़क के डिवाइडर पर उसके हाथ बांध दिए। हमलावर की पहचान दुर्ग निवासी रविशंकर साहू के तौर पर हुई है।



उसके साथ एक युवती भी कार से आई हुई थी। जो दुर्ग से सुकमा आकर एसडीओपी तोमेश वर्मा का लगातार पीछा करता हुआ दंतेवाड़ा आ पहुंचा। यहां मौका पाकर उसने चाकू से हमला कर दिया। चाकू डीएसपी वर्मा के गले के ऊपर लगा जिससे उन्हें गहरा घाव लगा है। बताया जाता है कि हमलावर एक युवती के साथ आया था। इन लोग सुकमा से पीछा करते हुए दंतेवाड़ा पहुंचे थे और डीएसपी वर्मा पर मौका मिलते ही चाकू से हल कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिए। सरेराह हुई इस चाकूबाजी से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हमला पूर्व नियोजित तरीके से किया गया बताया जा रहा है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी युवक और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए दंतेवाड़ा पुलिस जांच में जुटी हुई है और हमले के पीछे की वजहों की पड़ताल की जा रही है। एडिशनल एसपी आरके बर्मन के मुताबिक हमलावर और घायल एसडीओपी के बीच दुर्ग में चल रहे अदालती केस की वजह से आपसी रंजिश चल रही थी। आरोपी युवक के साथ आई महिला ने ही डीएसपी वर्मा पर दैहिक शोषण का मुकदमा किया था। बताया ये भी जा रहा है कि महिला डीएसपी वर्मा के ससुराल पक्ष से रिश्तेदार है। कोर्ट केस का फैसला डीएसपी वर्मा के पक्ष में आया था इसी से नाराज होकर डीएसपी पर प्राणघातक हमला को अंजाम दिया जाना हमले की एक वजह यह भी बताई जा रही है। बहरहाल घटना के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# नवनियुक्त कलेक्टर ने किया संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 21 दिसंबर।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कार्यालय परिसर में स्थित प्रसाधन कक्षों की सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए महिला एवं पुरुष शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यालयीन वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कार्यालय परिसर में आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए कहा कि सुबह 10:30 बजे तक सभी की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज होने के साथ ही उपस्थिति की जानकारी देने को कहा। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट में स्थिति अन्य कार्यालयों में ई ऑफिस प्रणाली के अनुरूप कार्यालयीन कार्य संपादित करने, अन्य कार्यक्रमों को संबंधित विभागीय ग्रुप में अपलोड करने के संबंध में भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने रीडर शाखा, राहत शाखा, नाजिर शाखा, राजस्व शाखा, भू-अभिलेख शाखा, उप-पंजीयक कार्यालय, आदिवासी विकास, रोजगार, श्रम, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पीएचई सहित अन्य विभागों की शाखाओं का अवलोकन किया।

### बस्तर हाई स्कूल के प्रथम बैच के छात्र ने पेंशन से किया विद्यालय को 21 हजार रुपए दान

**जगदलपुर 21 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर हाई स्कूल (वर्तमान में जगतु महारा शासकीय हाई स्कूल) के इतिहास में एक भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब देखने को मिला, जब वर्ष 1948 के पाँचवी कक्षा के प्रथम बैच के विद्यार्थी श्री कृष्ण मुरारी महापात्र जी ने अपनी पेंशन राशि में से ?21,000 विद्यालय को दान स्वरूप भेंट किए। कृष्ण मुरारी महापात्र ने वर्ष 1948 से 1959 तक इसी विद्यालय में पाँचवी से 11वीं कक्षा तक अपनी शिक्षा ग्रहण की थी। शिक्षा के प्रति अपनी कृतज्ञता और विद्यालय से जुड़ी स्मृतियों को सहेजते हुए उन्होंने यह दान दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा श्री महापात्र जी का 89वां जन्मदिन बड़े ही आत्मीय वातावरण में स्कूल परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर उनका सम्मान किया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्राचार्य राम कुमार,राकेश तिवारी,श्यामलाल देवांगन , भूतपूर्व छात्र ओमप्रकाश मोहंती, देवेंद्र महापात्र, महेंद्र महापात्र एवं प्रतीक्षा महापात्र एवं उनके साथ पढ़े सहपाठियों की गरिमामयी उपस्थिति रहें।



# स्व. कमला देवी झवर की स्मृति में बालगृह को साउंड सिस्टम प्रदान किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 21 दिसंबर।** वृन्दावन कॉलोनी, जगदलपुर स्थित बालगृह (बालक) में निवासरत देखरेख, संरक्षण की आवश्यकता के लिए बालकों के मनोरंजन तथा संस्था में आयोजित होने वाली गतिविधियों के लिए समाजसेवी बालाजी सेल के संचालक गिरिराज कुमार झवर, बबिता,आयुष , अर्पित, तनिका चांडक सहित पूरे झंवर परिवार द्वारा अपनी स्वर्गीय माता स्व. कमला देवी झवर की स्मृति में साउंड सिस्टम भेंट किया गया। साउंड सिस्टम बालगृह के प्रभारी अधीक्षक मनोज कांत जोशी को भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक ने समाजसेवी गिरिराज झवर का संस्था के स्टाफएवं बच्चों की ओर से मनोरंजन हेतु उपयोगी साउंड सिस्टम प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की आशा व्यक्त की। उक्त सहयोग से बालगृह में निवासरत बच्चों में बहुत खुशी है, बच्चों के मनोरंजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

# कलेक्टर के नेतृत्व में कांकेर बना शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान का मॉडल

■ अनुरोध कार्यक्रम से शिक्षा की मुख्यधारा में लौटे सैकड़ों बच्चे, कांकेर जिले में ऐतिहासिक पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 21 दिसंबर।** आकांक्षी जिला उत्तर बस्तर कांकेर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित अनुरोध कार्यक्रम ङ्क शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और प्रेरणादायी मिसाल कायम की है। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व, स्पष्ट दिशा-निर्देशों एवं सतत निगरानी में यह अभियान 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

नक्सल प्रभावित, आदिवासी बाहुल्य एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों तथा समुदाय की सहभागिता से यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सका। 21 नवम्बर से 24 नवम्बर के मध्य जिले के सभी विकासखंडों में घर-घर सर्वेक्षण कर शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इस सर्वे में 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के साथ-साथ कक्षा 1 से 12 तक के ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जो किसी कारणवश विद्यालय से बाहर थे। सर्वे कार्य प्रधानाध्यापकों, संकुल प्राचार्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से संपन्न हुआ। बच्चों की जानकारी विद्यालयों की उपस्थिति पंजी से मिलान कर निर्धारित प्रपत्र में संकलित की गई। इस दौरान विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का पृथक चिन्हांकन भी किया गया। 26 नवम्बर को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में चिन्हांकित बच्चों की सूची का सार्वजनिक वाचन किया गया तथा पालकों, पंचायत सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बच्चों को विद्यालय में पुनः नामांकित कराने हेतु काउंसलिंग की गई। मुख्यधारा में शिक्षा से जुड़ाव,अभियान के अंतर्गत शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को समीपस्थ प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में समुचित कक्षा में प्रवेश दिलाया गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को आश्रम शाला, केजीबीवी, 50 सीटर एवं 200 सीटर डारमेटरी तथा आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रदान किया गया।

कक्षा 8 उत्तीर्ण लेकिन कक्षा 9 में प्रवेश न लेने वाले बच्चों को चिन्हांकित कर ओपन स्कूल प्रणाली के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया। इसके साथ ही लगातार अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के लिए विद्यालय स्तर पर अनुरोध कार्यक्रम आयोजित कर उपचारात्मक शिक्षण एवं विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई।

अभियान के दौरान कोटवारों द्वारा मुनादी कराई गई तथा विद्यालय स्तर पर गठित मीडिया सेल के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई गई। 28 नवम्बर तक संकुल स्तर पर डाटा का सत्यापन कर विकासखंड कार्यालय में जमा कराया गया, जिसे बीआरसीसी एवं बीईओ द्वारा प्रमाणित कर जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अनुरोध कार्यक्रम के सार्थक और सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सत्र 2025ङ्क26 में अब तक जिले में 288 शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है।

### कलेक्टर ने चिकपाल-प्रतापगिरी निर्माणाधीन सड़क सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लिया जायजा



**दंतेवाड़ा, 21 दिसंबर।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा आज चितालंका स्थित क्षतिग्रस्त बाईपास पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि यह पुल विगत माह हुई अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त होकर ढह गया था, जिससे क्षेत्र में आवागमन बाधित हो गया है और स्थानीय नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों से पुल की वर्तमान स्थिति, क्षति के कारणों तथा प्रस्तावित नवीन पुल निर्माण योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चितालंका बाईपास मार्ग पर नवीन पुल निर्माण कार्य की डीपीआर यथाशीघ्र तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि इस वर्ष आई बाढ़ की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जलस्तर की समुचित गणना कर उसी के अनुरूप डीपीआर तैयार की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी क्षति की पुनरावृत्ति न हो।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने इसके साथ ही गीदम,बागाबाड़ी बाईपास मार्ग पर डंकनी नदी पर निर्माणाधीन पुल कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि उक्त पुल का निर्माण कार्य माह जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, जिससे आगामी वर्षा ऋतु के दौरान बाईपास मार्ग को सुचारू रूप से यातायात हेतु उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक तकनीकी परीक्षण एवं औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि आमजन को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण अवधि के दौरान वैकल्पिक आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षित डायवर्सन मार्ग तैयार किया जाए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही फॉरेस्ट लैंड से संबंधित आवश्यक अनुमतियों एवं प्रक्रियाओं को नियमानुसार शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब न हो। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया

# एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन-2025 में 7 प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते

**हैदराबाद, 21 दिसंबर।** भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और एक जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण रहा, जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र), अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है।



इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री गणेश जोशी, सांसद श्री नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद जी सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुरस्कार मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा, उत्तराखंड के वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रसाद गौरीनेनी सहित उद्योग जगत की अन्य विशिष्ट हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से श्री च. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने संगठन की ओर से सम्मान ग्रहण किया। एनएमडीसी को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट तथा गृह पत्रिका (हिंदी) के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने हेतु सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान एवं विकास प्रयास तथा महिला विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ सीएसआर परियोजना के लिए द्वितीय पुरस्कार, जबकि सीएसआर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ पीएसयू और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली उत्कृष्ट पहलों के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। टीम को बधाई देते हुए सुश्री जी. प्रियदर्शिनी, निदेशक (कार्मिक) ने कहा, ये सम्मान इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि सार्थक प्रगति तब हासिल होती है जब प्रदर्शन उद्देश्य से निर्देशित हो और स्पष्टता के साथ संप्रेषित किया जाए। हमारी यात्रा खनन से आगे बढ़कर समुदायों को सशक्त बनाने, कौशल को पोषित करने, नवाचार को आगे बढ़ाने और राष्ट्र के विकास में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने तक विस्तृत है। ये पुरस्कार हमारी टीम की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके माध्यम से वे एनएमडीसी के इतिहास को प्रामाणिकता, प्रभाव और गर्व के साथ प्रस्तुत करते हुए सभी हितधारकों के साथ विश्वास को सुदृढ़ कर रहे हैं। अपने नेतृत्व को और मजबूत करते हुए, एनएमडीसी पीआरएसआई द्वारा मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रों में व्यापक पहलों को आगे बढ़ा रहा है। संरचित कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से एनएमडीसी भविष्य के लिए प्रतिभाओं का निर्माण कर रहा है।

## एक नजर

### मूकबधिर एवं श्रवणबधिर दिव्यांगों के लिए प्लेसमेंट कैम्प 23 दिसंबर को रायपुर में

**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** मूकबधिर एवं श्रवणबधिर दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 दिसंबर को किया जा रहा है। यह कैम्प प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगजनों के नियोजन हेतु), पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, राजभवन के बाजू, सिविल लाइन्स, रायपुर में आयोजित होगा।उप संचालक समाज कल्याण विभाग रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट के 10 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को स्कैनिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, पैकिंग, पिकिंग एवं शॉर्टिंग जैसे कार्य करने होंगे। चयनित आवेदकों को 11 से 14 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा तथा कार्यस्थल तेन्दुआ हीरापुर, रायपुर रहेगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में छत्तीसगढ़ राज्य के 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष मूकबधिर/श्रवणबधिर दिव्यांगजन भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की अंकसूची, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड के मूल दस्तावेज एवं उनकी एक-एक फोटोकॉपी तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। कैम्प में आने-जाने हेतु किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा, वहीं भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था अभ्यर्थियों को स्वयं करनी होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमांक 0771-4044081 पर संपर्क किया जा सकता है। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने हेतु अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ ई-रोजगार पोर्टल 222 e-rojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन भी कर सकते हैं।

### फूटा चना-मटर में अखाद्य रंग की मिलावट रोकने खाद्य एवं औषधि विभाग ने की कार्रवाई



**महासमुंद 21 दिसंबर ।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा जिला अभिहित अधिकारी श्री उमेश कुमार द्वारा जिला महासमुंद में बिक रहे फूटा चना/मटर में औरामाइन ओ अथवा अन्य अखाद्य रंगों की मिलावट न हो, यह सुनिश्चित करने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जांच कार्रवाई की गई।खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सरायपाली स्थित नव दुर्गा ट्रेडर्स, बागबाहरा के अम्बे ट्रेडर्स एवं महासमुंद के श्री राम चना मुर्रा उद्योग से रोस्टेड चना के खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं।जांच के दौरान श्री राम चना मुर्रा उद्योग में विक्रय हेतु रखे गए लगभग 1500 किलोग्राम रोस्टेड चना को सीज किया गया है।खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा इस प्रकार की निगरानी एवं कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### 4 केन्द्रों में खरीदे गये धान का तीन चौथाई हिस्सा परिवहन का बाट जोह रहा , टेकारी में बोहनी भी नहीं

**रायपुर।** मंदिर हसौद और आरंग सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले 14 धान खरीदी केन्द्रों में बीते एक माह में खरीदे गये धान का महज एक ही हिस्सा का अब तक परिवहन हो पाया है और शेष तीन चौथाई हिस्सा परिवहन का बाट जोह रहा है । मंदिर हसौद शाखा के अधीन आने वाले टेकारी धान खरीदी केंद्र में तो परिवहन का बोहनी भी नहीं हो पाया है जहां लगभग 18 हजार क्विंटल धान जाम है वहीं चंदखुरी शाखा के अधीन आने वाले नारा धान खरीदी केंद्र में अब तक खरीदे गये लगभग 25 हजार क्विंटल धान में से महज 200 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है । इन सभी 14 धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गये लगभग 2 लाख 25 हजार क्विंटल धान में से महज लगभग 60 हजार क्विंटल धान का ही मिलर्स द्वारा उठाव किया गया है व बचे तकरीबन 1 लाख 65 हजार क्विंटल धान का उठाव बाकी है इन धान उपार्जन केन्द्रों का जायजा लेने व किसानों से रुबरु होने के बाद किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने जानकारी दी है कि प्रभावी परिवहन न होने पर कई केन्द्रों में देर सबेर खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाने की आशंका है तो होने वाले सूखती की वजह से सोसायटियों को आर्थिक क्षति भी होने की संभावना है ।

---

कलेक्टर ने घरघोड़ा और धरमजयगढ़ विकासखंड के स्कूलों का दौरा कर नवाचार की सराहना की

# वनांचल के ग्राम लाखीमार की प्राथमिक शाला का निरीक्षण भी किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ विकासखण्ड के दौरे पर थे। इसी दौरान उन्होंने धरमजयगढ़ तहसील के अंतिम छोर पर स्थित सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत देउरमार के आश्रित ग्राम लामीखार में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया और स्कूल में बच्चों के शारीरिक,मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए किए जा रहे नवाचार प्रयासों का मुआयना किया और बच्चों के सीधे रुबरु हुए। उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, नवाचारों तथा समग्र शिक्षण वातावरण का अवलोकन कर विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

कलेक्टर ने कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनकी शैक्षणिक समझ, भाषा ज्ञान एवं आत्मविश्वास का आकलन किया। विद्यार्थियों द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में सहजता से दिए गए उत्तरों से कलेक्टर अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए। उन्होंने बच्चों की अभिव्यक्ति क्षमता, अनुशासन एवं सीखने की रुचि की प्रशंसा करते हुए इसे शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम बताया। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में निर्मित पूर्णतः शिक्षण-अनुकूल प्रिंट-रिच वातावरण का अवलोकन किया। कबाड़ से जुगाड़ की अवधारणा पर आधारित पवन चक्की, सौर ऊर्जा मॉडल, यातायात संकेत, माइलस्टोन, भारत एवं छत्तीसगढ़ के मानचित्र सहित विविध शिक्षण सामग्री को उन्होंने अनुभव आधारित शिक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार के नवाचार बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक सोच एवं व्यवहारिक ज्ञान को विकसित करते हैं।

कलेक्टर ने मुस्कान पुस्तकालय के अंतर्गत संचालित बंद पुस्तकालय, खुला पुस्तकालय एवं चर्चा-पत्र पुस्तकालय का निरीक्षण किया, जहां लगभग 1500 पुस्तकों का संचालन एवं रख-रखाव स्वयं विद्यार्थी करते हैं। उन्होंने बच्चों के जन्मदिवस पर आयोजित ÷एक दिन का गुरुजी÷ एवं ÷आज का फूल÷ जैसी गतिविधियों को बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने वाला नवाचार बताया। निरीक्षण उपरांत कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला लामीखार को जिले के अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय मॉडल बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय में किए जा रहे नवाचारों, शिक्षण पद्धतियों एवं सामुदायिक सहभागिता को निरंतर आगे बढ़ाया जाए तथा इन्हें अन्य शालाओं में भी अपनाने हेतु प्रेरित किया जाए।

#### किचन गार्डन और पर्यावरण शिक्षा की सराहना

कलेक्टर ने विद्यालय में विकसित किचन गार्डन, हर्बल गार्डन, मसाला बगान एवं गुलाब गार्डन का भी निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में लगाए गए लगभग 128 किस्मों के फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधों-जिनमें अंजीर, सेव, चंदन, नींबू, कटहल, चिकोतरा एवं मौसंबी शामिल हैं, को उन्होंने पर्यावरण शिक्षा एवं व्यवहारिक अधिगम का सशक्त माध्यम बताया। कलेक्टर ने इस कार्य में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय की सहभागिता को भी सराहा।

#### विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर जताई प्रसन्नता

लगभग 314 की आबादी वाले इस आदिवासी बहुल गांव में संचालित विद्यालय में वर्तमान में कुल 46 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 30 बालक एवं 16 बालिकाएं शामिल हैं। वर्ष 2025 में विद्यालय के 08 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय में किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं नवाचारों का प्रत्यक्ष परिणाम है, जो पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है।

---

# ग्राम लालपुर में आबकारी अमले ने 18 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की

## जिले में अवैध शराब के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त आबकारी श्री क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने थाना तमनार अंतर्गत ग्राम लालपुर में अवैध महुआ शराब की बड़ी खेप जप्त की है। आबकारी विभाग को प्राप्त शिकायत के आधार पर 19 दिसम्बर को आबकारी वृत्त घरघोड़ा की टीम ने ग्राम लालपुर निवासी हीरालाल कालंगा, पिता रामलाल कालंगा के कब्जे से कुल 18.200 लीटर महुआ शराब बरामद की। जप्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 3,640 रुपये आंका गया है। आबकारी विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक सुश्री रागिनी पटेल एवं श्री कुशल पटेल, मुख्य आरक्षक श्री राजेश्वर ठाकुर तथा आबकारी आरक्षक श्री लाकेश नेताम, श्री प्रवीण जांगड़े एवं कुमारी अनिशा तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बगौद में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सप्ताह का आयोजन 22 से 28 दिसम्बर तक

**अंवरी,21 दिसंबर।** पंचतत्व में विलीन ग्राम-बगौद के दिव्य आत्माओं के मोक्ष के निमित्त एवं वसुधैव कुटुम्बकम सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के भाव से चर-अचर समस्त जीवों के कल्याणार्थ श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का 22 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक सुप्रसिद्ध कथा वाचक विध्यपिठाधिस्वर श्री श्री 1008 जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री लक्ष्मणाचार्य जी महाराज (विंध्याचल, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश)होंगे 7 आयोजक गणेश परिवार, ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी होंगे। कथा का श्रवणपान 01 बजे से शाम 05 बजे तक कराएंगे । 22 दिसम्बर को कलश यात्रा, भागवत स्थापना, सुकदेव आगमन, 23 को कपिलदेवहुति एवं ध्रुव चरित्र, 24 भरतचरित्र एवं वामन अवतार, आजमिल उद्धार,25 को श्री राम चरित्र, श्री कृष्ण जन्म,नन्द महोत्सव,माखन चोरी, 26 श्री गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग,27 कंसवध, श्री कृष्ण रुखमनी विवाह एवं 28 दिसम्बर को सुदामा चरित्र,सम्पूर्ण भागवत पूर्ण आहुति एवं भंडारा होगा ।

# साधकों ने हैप्पीनेस प्रोग्राम में हिस्सा लिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 21 दिसंबर।** खरसिया के भगत कॉम्प्लेक्स में 15 से 18 दिसंबर तक आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक विभा अग्रवाल द्वारा हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में साधकों ने परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की आवाज में सुदर्शन क्रिया सीखी।सुदर्शन क्रिया एक शक्तिशाली तकनीक है जो मन और शरीर को शुद्ध करने में मदद करती है। यह तकनीक तनाव को कम करने और मानसिक स्पष्टता को बढ़ाने में सहायक होती है।हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लेने वाले साधकों ने इस तकनीक को सीखकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभा अग्रवाल ने साधकों को आर्ट ऑफ लिविंग के बारे में जानकारी दी और उन्हें सुदर्शन क्रिया के लाभों के बारे में बताया।

---

# जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर सतत कार्रवाई जारी



860 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद 21 दिसंबर ।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बीती रात एवं आज अलग अलग प्रकरण में कुल 860 कट्टा धान जप्त की गई है।आज तहसील सरायपाली के ग्राम चिउराकूटा में ओड़िशा से अवैध रूप से परिवहन कर डंप किए गए 70 कट्टा धान को जब्त कर थाना सिंघोड़ा के सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में बीती रात कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम नर्रा में 200 कट्टा धान जब्त किया गया। वहीं तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम बहमनी में गोयल ट्रेडर्स के गोदाम में 600 कट्टा धान का अवैध भंडारण पाया गया। उक्त धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई हेतु मंडी सचिव को निर्देशित किया गया है। संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी सतत एवं कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीएम ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत 10 सड़कों, 2 वृहद पुल एवं 1 सड़क नवीनीकरण का भूमिपूजन किया गया

**महासमुंद 21 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना वर्ष 2025-26 के तहत महासमुंद जिले में कुल 10 सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण कार्य, कुल लंबाई 2.971 किलोमीटर, इसके अलावा 2 वृहद पुल निर्माण एवं 1 बीटी सड़क नवीनीकरण कार्य का आज ग्राम बिरकोनी में विधिवत भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा एवं सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद के करकमलों से संपन्न हुआ।



प्रस्तावित 10 सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण कार्य में ग्राम चारभाठा में स्कूल से महादेव घर तक,ग्राम गोहेरापाली में हॉस्पिटल से टिकेश लाल घर तक, ग्राम भुथिया में कांजी हाउस से जोगेश्वर प्रधान के घर तक, ग्राम चारभाठा में मंच से मुख्य मार्ग की ओर, इसके अलावा ग्राम जोगनीपाली, ग्राम धुमाभाठा, ग्राम अरेकेल, ग्राम पेण्ड्रावन, ग्राम छुईहा, ग्राम बिरकोनी में सी सी रोड सह नाली निर्माण शामिल है।

इसी तरह वृहद पुल निर्माण कार्य में ग्राम केरामुंडा से पथरी सड़क के आर.डी. 2750 मीटर पर 63.57 मीटर लंबाई का उच्च स्तरीय पुल एवं ग्राम धवराभाठा से कुरूभाथा सड़क के आर.डी. 2390 मीटर पर 121.46 मीटर लंबाई का उच्च स्तरीय वृहद पुल निर्माण किया जाएगा। सड़क नवीनीकरण कार्य में ग्राम बकमा से कसेकेरा मार्ग बीटी नवीनीकरण लंबाई 13.52 किमी, लागत ?282.42 लाख शामिल है।इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। सड़क बनने से आवागमन सुगम होता है, व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ती है और ग्रामीण विकास को नई गति मिलती है। कार्यक्रम में विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा एवं चातुरी नंद ने अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बीर कोनी के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता श्री आशीष कुलदीप उपस्थित रहे।

---

# अंतागढ़ के सुदूर अंचल के स्कूलों का डीईओ ने किया निरीक्षण

**कांकेर 21 दिसंबर ।** जिले के सुदूर एवं दुर्गम अंचल में शिक्षा की स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय कांकेर अंतर्गत विकासखंड अंतागढ़ के अंतिम छोर, जो जिला नारायणपुर की सीमा से लगा हुआ है, वहां स्थित शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला आतुरबेड़ा, प्राथमिक शाला भैंसगांव, माध्यमिक शाला भैंसगांव एवं हाई स्कूल तालाबेड़ा का गहन निरीक्षण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं नवनीत पटेल डीएमसी द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाओं में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, मध्यान्ह भोजन योजना एवं अन्य शैक्षणिक बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने शिक्षकों को नियमित अध्यापन, बच्चों की सतत निगरानी एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि इन सुदूर एवं खनिज प्रभावित क्षेत्रों के कई बच्चे आज तक जिला मुख्यालय कांकेर भी नहीं देख पाए हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश मंडावी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।निर्देशानुसार इन खनिज प्रभावित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर जिला मुख्यालय कांकेर लाया जाएगा। इस भ्रमण के माध्यम से बच्चों को जिले में संचालित प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं विकासात्मक कार्यप्रणाली से अवगत कराया जाएगा, ताकि उनके ज्ञान, आत्मविश्वास और सोच का विस्तार हो सके। यह शैक्षणिक भ्रमण शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित किया जाएगा।इसके साथ ही विकासखंड कोयलीबेड़ा के चारगांव क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल किए जाने की योजना है।

# महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंच सुविधाओं की जानकारी ली



**महासमुंद 21 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, महासमुंद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में महिलाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री टिक्केन्द्र जाटवर ने सखी वन स्टॉप सेंटर में अब तक प्राप्त प्रकरणों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगस्त 2017 से 20 दिसंबर 2025 तक कुल 1265 प्रकरणों पर कार्य किया गया है। वर्तमान में प्रतिमाह औसतन 15 से 20 प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं।

श्रीमती वर्मा ने कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं को हर स्थान पर सुरक्षा का एहसास होना चाहिए, इसके लिए अनुकूल वातावरण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर में आने वाली महिलाओं को समय पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बताया कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता, पुलिस सहयोग, मनोवैज्ञानिक परामर्श, चिकित्सकीय सुविधा तथा अस्थायी आश्रय प्रदान किया जाता है। महिलाओं की सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 181 भी संचालित है।निरीक्षण के दौरान सदस्य ने सखी शब्द का वृहद् अर्थ समझाते हुए कहा कि यह प्रत्येक जिले में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल है, जहाँ उनकी समस्याओं का समाधान गोपनीयता के साथ किया जाता है। उन्होंने गाँव-गाँव में सखी योजना के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि इससे वे महिलाएं, जो कोर्ट या थाना जाने से संकोच करती हैं, सखी केंद्र में आकर निर्भीक होकर सहायता प्राप्त कर सकेंगी।अंत में उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगन एवं समर्पण भाव से कार्य करने हेतु मार्गदर्शन देते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्थानीय महिला एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

---

# मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना: शिरडी, शनि सिंघनापुर एवं त्रयम्बकेश्वर के लिए श्रद्धालु रवाना





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत आज वरिष्ठ नागरिकों, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को तीर्थ स्थल शिरडी, शनि सिंघनापुर एवं त्रयम्बकेश्वर के दर्शन हेतु विशेष रेल यात्रा के माध्यम से रवाना किया गया। नगर निगम रायगढ़ के महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने आज दोपहर 1 बजे रायगढ़ रेलवे स्टेशन से तीर्थयात्रियों की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभी तीर्थ यात्रियों को ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़े (कंबल) भी वितरित किए गए। मौके पर सभापति श्री डिग्रीलाल साहू एवं जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

उप संचालक समाज कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तीर्थयात्रा में रायगढ़ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 273 यात्रियों का चयन किया गया। शहरी क्षेत्र में नगर पालिक निगम रायगढ़ से 12, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर से 07, नगर पालिका परिषद खरसिया से 10, नगर पंचायत पुसौर, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ से 09-09 यात्री शामिल रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से जनपद पंचायत रायगढ़ से 31, खरसिया से 30, पुसौर से 33, घरघोड़ा से 15, तमनार से 27, लैलूंगा से 27 एवं धरमजयगढ़ से 42 तीर्थ यात्री शामिल थे। इसके अतिरिक्त जिला-जशपुर से 391 तथा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ से 116 श्रद्धालुओं सहित कुल 800 तीर्थ यात्री इस विशेष यात्रा में सम्मिलित हुए। तीर्थयात्रियों की देखरेख हेतु समाज कल्याण विभाग रायगढ़ से नोडल अधिकारी श्री उग्रसेन पटेल, चिकित्सा सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्री राजेश कुमार साहू, तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक श्री संजय कुमार यादव सहित कुल 20 अनुरक्षक तीनों जिलों से नियुक्त किए गए हैं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह की जयंती पर किया नमन

**रायपुर, 21 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं श्रमिक-किसान आंदोलनों के अग्रदूत ठाकुर प्यारेलाल सिंह की 21 दिसम्बर को जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि ठाकुर प्यारेलाल सिंह जी छत्तीसगढ़ की धरती के ऐसे महान सपूत थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के साथ-साथ श्रमिकों, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे छत्तीसगढ़ में श्रमिक एवं सहकारी आंदोलन के प्रणेता माने जाते हैं। छात्र जीवन से ही वे स्वाधीनता आंदोलनों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे और ब्रिटिश शासन के अन्याय व दमन के विरुद्ध निर्भीक होकर संघर्षरत रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ठाकुर प्यारेलाल सिंह का संपूर्ण जीवन साहस, संघर्ष और सेवा के आदर्शों से ओत-प्रोत है। छत्तीसगढ़ के सामाजिक, राजनीतिक और ऐतिहासिक विकास में उनके अमूल्य योगदान को सदैव सम्मान और कृतज्ञता के साथ स्मरण किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से ठाकुर प्यारेलाल सिंह जी के विचारों और आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागी बनने का आह्वान किया।

### सीएम साय पंडित सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर किया श्रद्धापूर्वक नमन

**रायपुर, 21 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रख्यात साहित्यकार एवं महान समाज सुधारक पंडित सुंदरलाल शर्मा की 21 दिसम्बर को जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा जी छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़े ऐसे युगद्रष्टा महापुरुष थे, जिन्होंने किसानों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा। उन्होंने अंधविश्वास, छुआछूत, सामाजिक रूढ़ियों और कुरीतियों के विरुद्ध निरंतर संघर्ष करते हुए समाज को समानता, सद्भाव और मानवता के पथ पर आगे बढ़ाया। उनके साहित्य, विचार और कर्म ने जनमानस में जागरण और आत्मसम्मान की चेतना का संचार किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा का संपूर्ण जीवन सत्य, साहस और सेवा के मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। देश की स्वतंत्रता तथा छत्तीसगढ़ के सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान में उनका योगदान सदैव स्मरणीय और प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से पंडित सुंदरलाल शर्मा जी के आदर्शों को आत्मसात करने और एक न्यायपूर्ण, समरस एवं जागरूक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### किसानों से दलहन-तिलहन उपार्जन की केन्द्र ने दी स्वीकृति

**रायपुर,21 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम में छत्तीसगढ़ को दलहन और तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन की अनुमति मिल गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के बीच हुई चर्चा के बाद केंद्र सरकार ने खरीफसीजन में दलहन-तिलहन उपार्जन के लिए 425 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से खरीफऔर रबी सीजन के लिए कुल 1 लाख 22 हजार मीट्रिक टन दलहन-तिलहन उपार्जन का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था। इसमें खरीफके लिए 50 हजार मीट्रिक टन और रबी के लिए 72 हजार मीट्रिक टन शामिल हैं। फिलहाल केंद्र से खरीफकी फसलों के उपार्जन की अनुमति मिली है। इसके तहत अरहर 21 हजार 330 मीट्रिक टन, उड़द 25 हजार 530 मीट्रिक टन, मूंग 240 मीट्रिक टन, सोयाबीन 4 हजार 210 मीट्रिक टन और मूंगफली 4 हजार 210 मीट्रिक टन का उपार्जन किया जाएगा। इन फसलों के उपार्जन पर कुल 425 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

# बाबा गुरु घासीदास का संदेश मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक:विष्णुदेव साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 21 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सारंगढ़ स्थित गुरु घासीदास ज्ञान स्थली, पुष्पवाटिका में आयोजित तीन दिवसीय संत गुरु घासीदास रजत जयंती समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने ज्ञान स्थली में स्थापित जैतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और भाईचारे की सुदृढ़ नींव रखता है। उन्होंने कहा कि जिस दौर में समाज छुआछूत, भेदभाव और रूढ़ियों से जकड़ा हुआ था, उस समय बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का निर्भीक संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को बीते दो वर्षों में धरातल पर उतारा गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में धान का रकबा और किसानों की संख्या दोनों में वृद्धि हुई है, जो कृषि क्षेत्र में सरकार की नीतियों के प्रति किसानों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। सरकार प्रत्येक पात्र किसान से धान खरीदी के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा है, जिससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएससी भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल सकें। नई औद्योगिक नीति के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के बेटा-बेटियों को उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह नीति न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि सामाजिक न्याय को भी सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी समाज वर्गों से संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों को आत्मसात करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि ÷मनखे-मनखे एक समान÷ का विचार सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे की अडिग आधारशिला है। उन्होंने बताया कि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पूरे विश्व में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में अनुसूचित जाति समाज के विकास को नई गति मिली है। गिरौदपुरी धाम के सर्वांगीण विकास के अंतर्गत जैतखाम, मंदिर परिसर, अमृत कुंड, छाता पहाड़ तक सड़क, सीढ़ियों एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री साय वीर बाल रैली में हुए शामिल, हरी झंडी दिखाकर किया रैली का शुभारंभ

# बलिदान और कर्तव्य के गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित कराना हमारा नैतिक दायित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,21 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा आयोजित वीर बाल रैली में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस भव्य रैली में लगभग 5,000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं, स्काउट-गाइड एवं एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। रैली में सिख परंपरा की वीरता को दर्शाती गतका जैसी साहसिक गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रेरणादायी झांकियों ने उपस्थित जनसमूह को गहरे भावनात्मक स्तर पर जोड़ा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में हम दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों – बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी – के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि केवल 9 वर्ष और 7 वर्ष की अल्पायु में साहिबजादों ने जिस अदम्य साहस, आस्था और बलिदान का परिचय दिया, वह मानव इतिहास में अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी



छोटी उम्र में भी साहिबजादे किसी दबाव के आगे नहीं झुके, अपनी आस्था से विचलित नहीं हुए और धर्म एवं सत्य की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। यह बलिदान केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। श्री साय ने कहा कि सिख धर्म की यह गौरवशाली परंपरा हम सभी के लिए गर्व का विषय है। नई पीढ़ी को साहिबजादों के बलिदान और मूल्यों से परिचित कराना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 से वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की पहल अत्यंत सराहनीय है। इससे बच्चों और युवाओं में शौर्य, साहस और राष्ट्रप्रेम की भावना प्रबल हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम साहिबजादों के जीवन को देखते हैं, तो हमें दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा दिए गए संस्कारों और शिक्षाओं पर गर्व होता है। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया। उनकी प्रेरक पंक्तियाँ ÷सवा लाख से एक लड़ाऊँ, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊँ, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहलाऊँ। आज भी हर भारतीय के भीतर साहस और संघर्ष की चेतना जागृत करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पंक्तियाँ हमें सिखाती हैं कि साधन नहीं, साहस और संकल्प ही विजय का मार्ग प्रशस्त करते हैं। भारत की धरती धन्य है, जिसने ऐसे महान गुरुओं और साहिबजादों को जन्म दिया। उन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं शिक्षा विभाग को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। कैबिनेट मंत्री श्री खुशवंत साहेब ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान हमें निर्भीकता, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रथम की भावना का मार्ग दिखाता है। उनका जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा ने साहिबजादों की शहादत के ऐतिहासिक प्रसंगों से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, क्रेडा अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी, सीजीएमएससी अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा सहित सिख समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आर्थिक सशक्तिकरण से बदलती महिलाओं की तस्वीर



**रायपुर, 21 दिसंबर।** महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मसम्मान तथा समाज में उनकी निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में उभर रही है। यह योजना महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्वरोजगार एवं आजीविका के नए अवसरों से जोड़ रही है। प्रतिमाह प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग कर महिलाएं छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर रही हैं, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि परिवार और समाज में उनकी सशक्त पहचान भी बन रही है।

जांजगीर-चांपा जिले के तहसील मुख्यालय चांपा के वार्ड क्रमांक 02 की निवासी श्रीमती उर्मिला यादव ने हर महीना महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि को बचाकर आर्टिफिशियल गहनों का व्यवसाय प्रारंभ किया। वर्तमान में वे घर से तथा साप्ताहिक हाट-बाजारों में गहनों का विक्रय कर प्रतिमाह लगभग 2000 रुपये की अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने लगी है। चांपा की ही श्रीमती ज्योति कसेर ने योजना की सहायता राशि से पापड़ व्यवसाय शुरू किया, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 5000 रुपये का लाभ प्राप्त हो रहा है। इससे वे अपने परिवार की शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को सहजता से पूरा कर पा रही हैं। ग्राम सरहर की श्रीमती सुमित्रा कर्ष ने भी योजना से प्राप्त राशि से श्रृंगार सामग्री की दुकान प्रारंभ की, जिससे उन्हें वर्तमान में प्रतिमाह लगभग 1000 रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली ज़िंदगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 21 दिसंबर।** जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाहिल के निवासी हरप्रसाद के लिए पक्का घर कभी केवल एक सपना था। सीमित आय और आर्थिक तंगी के कारण वे वर्षों से खपरे और टीन की छत वाले कच्चे मकान में रहने को विवश थे। बरसात का मौसम उनके लिए सबसे कठिन होता। संसाधनों के अभाव में न तो नया घर बनाना संभव था और न ही पुराने छप्पर की समुचित मरम्मत। ऐसे समय में शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना हरप्रसाद के जीवन में आशा की नई किरण बनकर आई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना अंतर्गत उनका आवास स्वीकृत हुआ तथा 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि उनके खाते में अंतरित की गई। इससे उन्होंने अपने पक्के मकान का निर्माण कार्य पूर्ण कराया, जो वर्ष 2025-26 में साकार हुआ। आज श्री हरप्रसाद अपने परिवार के साथ पक्के मकान में रह रहे हैं। अब उन्हें न बारिश का भय है और न ही असुरक्षा की चिंता। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ उन्हें महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत 90 दिवस का रोजगार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से एलपीजी गैस कनेक्शन तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय का भी निर्माण इन योजनाओं ने उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है।

## उद्योग मंत्री ̇ 1.87 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का करेंगे लोकर्पण एवं भूमिपूजन

**रायपुर, 21 दिसंबर।** निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार उद्योग मंत्री श्री देवांगन सवेरे 11 बजे कोरबा जिले के चारपारा कोहड़िया में पल्स पोलियो अभियान कार्यकम में शामिल होंगे। इसके बाद मंत्री श्री देवांगन सुबह 11:20 बजे निवास चारपारा कोहड़िया कोरबा से रानी धनराज कुंवर अस्पताल कोरबा के लिए प्रस्थान कर सुबह 11:30 बजे रानी धनराज कुंवर हॉस्पीटल कोरबा में जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात मंत्री श्री देवांगन दोपहर 12 बजे आशीर्वाद प्वाइंट टी.पी. नगर कोरबा में आयोजित विधानसभा स्तरीय एस.आई.आर. कार्यशाला में शामिल होंगे। श्रम मंत्री श्री देवांगन दोपहर 1:50 बजे निवास चारपारा कोहड़िया कोरबा से बेलवाडीह कोरबा के लिए प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे ढेलवाडीह कोरबा पहुंचकर वहां वे विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिनमें वार्ड क्र. 33 अंतर्गत मानिकपुर स्कूल में बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं हाईट बढ़ाने का कार्य राशि 15 लाख रूपए, वार्ड क्र. 33 अंतर्गत मानिकपुर डिपरापारा में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य राशि 05 लाख रूपए, वार्ड क्र. 34 अंतर्गत ढेलवाडीह स्कूल में बाउण्ड्रीवाल एवं गेट का निर्माण कार्य राशि 14 लाख रूपए, वार्ड क्र. 34 अंतर्गत दादरखुर्द प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण कार्य राशि 12:50 लाख रूपए, वार्ड क्र. 34 अंतर्गत दादरखुर्द नीचे मोहल्ला के पास स्थित तालाब का उन्नयन कार्य राशि 15 लाख रूपए, वार्ड क्र. 34 अंतर्गत ढेलवाडीह में सार्वजनिक सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कार्य राशि 10 लाख रूपए, वार्ड क्र. 34 अंतर्गत कंकालिन मंदिर दादरखुर्द के पास एकता विहार में सी.सी. रोड एव नाली का निर्माण कार्य राशि 12 लाख रूपए शामिल हैं।

# प्रदेश में छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति को नई गति देने 5 करोड़ रुपए स्वीकृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 21 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और युवाओं के उद्यमशील विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति (SSIP) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 5 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह राशि विभागीय बजट में पूर्व से प्रावधानित थी, जिसे चालू वित्तीय वर्ष में व्यय किए जाने की अनुमति दी गई है।

स्वीकृत बजट के अंतर्गत i-Hub छत्तीसगढ़ के सुचारु संचालन हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (PMU) की व्यवस्था की जाएगी। इसके माध्यम से राज्यभर में स्टार्टअप गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग, वित्तीय प्रबंधन तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं नवाचार संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही राज्य स्तरीय हैकाथॉन, आइडियाथॉन, इनोवेशन कैंप, स्टार्टअप मीटिंग्स और नवाचार जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाएगा। नीति के अंतर्गत छात्रों एवं नवप्रवर्तकों के विचारों को अवधारणा से प्रोटोटाइप तक पहुंचाने के लिए कॉन्सेप्ट वैलिडेशन के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इससे प्रारंभिक परीक्षण, अध्ययन, डिजाइन, तकनीकी सेवाएं तथा विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त करना संभव होगा। इसके अतिरिक्त, चयनित स्टार्टअप्स को सीड ग्रांट के माध्यम से बाजार सत्यापन, उत्पाद विकास, कानूनी एवं तकनीकी सहयोग तथा प्रारंभिक विपणन के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति में बौद्धिक संपदा संरक्षण को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत पेटेंट, कॉपीराइट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क फाइलिंग के लिए तकनीकी, कानूनी एवं वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे नवाचार सुरक्षित रहेंगे और स्टार्टअप्स को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त होगी।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट विजन है कि छत्तीसगढ़ को नवाचार एवं उद्यमिता का सशक्त केंद्र बनाया जाए। छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति के लिए 5 करोड़ रुपये की यह स्वीकृति युवाओं के विचारों और क्षमताओं पर सरकार के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह निवेश छात्रों और नवप्रवर्तकों को अपने नवाचारों को व्यावहारिक उद्यम में परिवर्तित करने का अवसर देगा, जिससे न केवल नए स्टार्टअप्स विकसित होंगे, बल्कि राज्य में रोजगार सृजन को भी नई गति मिलेगी।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव शहरी विकास मंत्रियों की बैठक में हुए शामिल

# केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में मिशन अमृत के कार्यों को सराहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 21 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव आज भोपाल में आयोजित देश के उत्तर-मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के शहरी विकास मंत्री भी इसमें शामिल हुए। बैठक में पांचों राज्यों में मिशन अमृत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंगीकार अभियान तथा अर्बन मोबिलिटी परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित उत्तर-मध्य राज्यों के तृतीय



क्षेत्रीय बैठक में पावर-प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य में इन पांचों योजनाओं के क्रियान्वयन, उनकी प्रगति और भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने केन्द्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मिशन अमृत 2.0 के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। मिशन के शेष कार्यों को मार्च-2026 तक प्रारंभ करने के लिए बैठक में सार्थक चर्चा हुई। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधिकारियों ने राज्य को मिशन अमृत 2.0 की अगली किस्त की राशि जल्द जारी करने की बात कही। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आकांक्षी शौचालयों, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ), कम्पोस्ट प्लांट्स, कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट प्रोजेक्ट्स और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना [PMAY ( ) 1.0] में स्वीकृत आवासों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा भी की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत नए आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तथा अब तक स्वीकृत आवासों के निर्माण की समीक्षा हुई। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक के बाद कहा कि भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन अच्छा रहा है। आगे भी हम इसी प्रकार का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एसएनए पद्धति से हितग्राहियों एवं निकायों को राशि जारी करने में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने छत्तीसगढ़ की प्रशंसा की तथा सभी केन्द्रीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

# धान उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्था से किसानों को मिल रही राहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,21 दिसंबर।** शासन के निर्देशानुसार राज्य के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था से किसानों को सुविधा मिल रही है। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के साथ ही सुगम एवं पारदर्शी व्यवस्था के चलते किसानों को धान बेचने में आसानी हो रही है। टोकन प्रणाली, समयबद्ध खरीदी प्रक्रिया के चलते किसानों को न तो अब इंतजार करना पड़ रहा है न ही धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी हो रही है। सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत किशुनपुर निवासी कृषक श्री रामाधीन सिंह ने धान खरीदी व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उनकी फसल अच्छी हुई है। उनके पिता श्री शिवचरण सिंह के नाम से कुल 86.40 क्विंटल धान बेचा है। टोकन अनुसार जब वे नमनाकला धान उपार्जन केन्द्र



पहुंचे, तो वहां प्रवेश के साथ ही गेट पास जारी किया गया। नमी परीक्षण उपरांत तत्काल बारदाना उपलब्ध कराया गया। पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण हुई। किसान श्री रामाधीन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल धान का 3100 रुपये मूल्य मिलने से किसानों को आर्थिक लाभ हो रहा है। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे गेहूं, सरसों सहित अन्य फसलों एवं सब्जी उत्पादन में कर रहे हैं। सरकार की किसान-हितैषी नीतियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है।

### 2047 तक सिकलसेलमुक्त भारत के लिए किया जा रहा उपचार

**रायपुर, 21 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 2023 को प्रारंभ किए गए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2047 तक सिकल सेल को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य में 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के नागरिकों की व्यापक सिकल सेल स्क्रीनिंग कर सिकल सेल कार्ड का वितरण किया जा रहा है। राज्य में अब तक लगभग 1 करोड़ 65 लाख लोगों की सिकल सेल जांच कर भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीयन किया जा चुका है। इनमें 3 लाख 35 हजार से अधिक सिकल सेल वाहक तथा 27 हजार 135 सिकल सेल मरीजों की पहचान हुई है। सभी चिन्हित सिकल सेल मरीजों को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क दवाइयां, परामर्श और सतत उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सिकल सेल प्रबंधन की दिशा में उल्लेखनीय तैयारी की है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्र. 202512092300008-ब/121-वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम अग्रवाल पिता रामरतन अग्रवाल जाति बनिया ग्राम मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा अपने बहन राखी अग्रवाल पिता रामरतन अग्रवाल का दिनांक 27/02/1975 को ग्राम मुसराकला में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने बहन राखी अग्रवाल पिता रामरतन अग्रवाल का दिनांक 27/02/1975 को ग्राम मुसराकला में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र, प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 26.12.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**




छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने 2 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है,यह बातऔर है उनके कई मंत्री पहली बार मंत्री बने हैं,कुछ की कार्य प्रणाली चर्चा में है तो भाजपा के कुछ वरिष्ठ विधायक, पूर्व मंत्री विधानसभा में अपनी ही सरकार को घेरने में पीछे नहीं है।विजन 2047 ओपी चौधरी ने पेश किया, कांग्रेस ने बाय काट किया पर उनकी कमी अजय चंद्राकर ने पूरी कर दी, कहा- विजन डॉक्यूमेंट में शिक्षा स्वास्थ्य पर ही फोकस है। सवाल उठाते हुए कहा कि उद्योगनीति में छत्तीसगढ़ की झलक नहीं है। उद्योग नीति में मेक इन छत्तीसगढ़ का ध्यान नहीं रखा गया है।

इधर सत्र के अन्य दिनों में भी अजय,धरम लाल कौशिक आदि ने मंत्रियों को जमकर घेरा, यानि विपक्ष की भूमिका ही अदा की? सत्र प्रारम्भ होने के पहले सीएम को हटाने कीअफवाह सोशल मिडिया में चर्चा में रही, हालां कि सीएम को हटाना कोरी कल्पना ही है हाँ, कुछ मंत्रियों को जरूर हटाया जा सकता है..? वैसे सीएम के 2 साल के कार्यकाल में उन पर कोई आरोप नहीं लगे हैं,काम से काम रखने तथा कम से कम बोलने वाले एक सीधे -सादे, आदिवासी सीएम जरूर कुछ लोगों को हजम नहीं हो रहे हैं...?

### पार्टी संविधान में नहीं है कार्यकारी अध्यक्ष...

छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा के संगठन प्रभारी और पटना बांकीपुर सीट से विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन सिन्हा को पार्टी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।नितिन नबीन भाजपा के इतिहास में जेपी नड्डा के



बाद दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष हो गये हैं।भाजपा के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष का कोई औपचारिक पद नहीं है, साल 2019 के बाद से पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त से पहले कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की एक परंपरा शुरू हुई है,कार्यकारी अध्यक्ष अस्थायी, अनाधिकारिक और एक ऐसा पद है जिसका पार्टी के संविधान में कोई ज़िक्र ही नहीं है।ऐसे में ये सवाल उठ रहा है कि जब कुछ दिनों बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति होनी ही है तो पार्टी ने कार्य कारी अध्यक्ष क्यों नियुक्त किया है?

### तो क्या विद्याचरण, कर्मा, विनोद चौबे के हत्यारों को सजा नहीं मिलेगी...

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने

# अनकहे शब्दों के बोझ से थक जाता हूँ कभी-कभी... पता नहीं खामोश रहना मजबूरी है या समझदारी...

आत्म समर्पित नक्सलियों की सजा, उनके गुनाहों के लिये माफ़ी देने कमेटियों के गठन का निर्णय लिया है,सवाल यह उठाया जा रहा है कि कांग्रेस के विद्या चरण शुक्ल,महेन्द्र कर्मा, नंद कुमार पटेल आदि की हत्या, आईपीएस विनोद चौबे की शहादत,76 सीआरपीएफ के जवानों को की हत्या के दोषी नक्सलियों को भी माफ़ी दी जाएगीज.?नक्सली हमले से जवानों की शहादत के बाद वही बयानबाजी का दौर शुरू हो जाता है तथा भविष्य में फिर किसी घटना की इंतजार शुरु हो गया।छग में 76 सी आरपीएफ के जवानों की एक साथ नक्सलियों ने हत्या कर दी थी, विद्याचरण शुक्ल, नंद कुमार पटेल, महेन्द्र कर्मा सहित 30 लोगों की हत्या नक्सलियों ने की,राजनांदगांव के मदनवाड़ा क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे भी मुठभेड़ में मारे गये और यही कहा जाता रहा, नक्सलियों ने कायराना हमला किया है, चुनौती स्वीकार है, शहादत बेकार साबित नहीं होगी, शहा दत पर गर्व है आदि आदिज और छत्तीसगढ़ की जमीन को नक्सलियों द्वारा लाल करने के लिए खुला छोड़ दिया जाता था, छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद नक्सली समस्या विरासत में मिली थी पिछले कुछ सालों के बीच नक्सलियों ने छग को रक्त रंजित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी,सलवा जुडूम जैसा आंदोलन भी शुरू कियागया। केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैना ती के बाद नक्सली अधिक उग्र हो गये थे। एक तरफ सुरक्षाबल की तैनाती के बाद 2400 करोड़ ? से अधिक केन्द्र सरकार को दे चुके हैं..?यह ठीक है कि अब छ्ग में कुछ बड़े नक्सलियों को




मुठ भेड़ में मारने, बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण के बाद नक्सली 'बैकफुट' में आ गये हैं। वैसे छ्ग में कुछ बड़ी नक्सली वारदात में 5 मार्च 07 को रानी बोदली पुलिस केम्प में 55 लोगों की हत्या, 2जुलाई 7 को उटम लमेटा में सुरक्षा बल के बेस केम्प में 23 जवानों की हत्या, 12 जुलाई 9 को राजनांदगांव के मदनबेड़ा मानपुर में एसपी विनोद चौबे सहित 29 जवानों की हत्या,6अप्रैल 10 को ही नारायणपुर जिले के घोड़ाई में सीआरपीएफ के 36 जवानों की हत्या, 25 मई 13 दरभा घाटी में विद्याचरण शुक्ल, नंद कुमार पटेल, महेन्द्रकर्मा,उदय मुदलियार सहित 30 लोगों की हत्या की गई, विष्णुदेव सरकार बनने के 2 साल के भीतर बस्तर नक्सल मुक्त होने को है, सरकार की पुन र्वास नीति के तहत भी बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है, सरकार उन्हें रोजगार भी मुहैया करा रही है,जमीन भी दे रही है,3 साल तक 10 हजार महीना भी देगी यहां तक तो ठीक है पर बड़ी नक्सली वारदात में शामिल नक्सलियों को सजा नहीं देने के निर्णय पर पुन विंचार जरुरी है? वहीं जेल में बंद नक्सली समर्थक ग्रामीणों के बारे में सरकार को सोचना चाहिये, नक्सली वारदात में छत्तीसगढ़ के कई लोग अपने परिवार को असमय छोड़कर दुनिया से चले गये हैं, इनका परिवार नक्सलवाद को तो ता-जिंदगी नहीं भूल सकता है?





### विदेश यात्रा में प्रतिदिन 3 करोड़ खर्च, बेटे की बैलगाड़ी से बारात...

मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव ने हाल ही में 11 दिन की विदेश यात्रा में 34 करोड़ रुपये खर्च किये यानि प्रतिदिन औसत 3 करोड़?! इसमें विमान, हेलीकाप्टर का खर्च शामिल नहीं हैज.और बेटे की बैलगाडी में बारात निकाल सामूहिक विवाह कराकर सादगी का परिचय दिया? क्या जनता के पैसों की इतने बेदर्दी से खर्च करना ठीक हैंज्यह आरोप मप्र के कांग्रेसी नेताओं ने लगाया है।

### बांग्लादेशी विमान की होगी अब नीलामी...

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर 10 साल से पार्क किए बांग्लादेशी विमान को



एयर पोर्ट अथारिटी नीलाम करेगी।वैसे लोकसभा में मामला कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत उठा चुकीं हैं। 173 यात्रियों के साथ ढाका से मस्कट जाने के दौरान 7 अगस्त 2015 को बांग्लादेशी फ्लाइटक्रमांक एमडी 83 के इंजन में गड़बड़ी आई थी। इस दौरान रायपुर में आपातकालीन लैंडिंग हुई थी। तब से अब तक विमान राय पुर एयरपोर्ट में पार्क है,सूत्रों ने बताया विमान को नीलाम करने का प्रस्ताव अथारिटी के मुख्यालय भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलत ही नीलामी की जाएगी, इन 10 वर्षों में विमान का पार्किंग शुल्क 4 करोड़ से ज्यादा हो गया है। बांग्लादेशी विमानन कंपनी को एयरपोर्ट अथारिटी ने अभी तक 90 से अधिक बार ईमेल किये हैं,लेकिन विमानन कंपनी ने एयरपोर्ट को किसी भी मेल का जवाब नहीं दिया है।

### पुलिस अफसरों पर 'रिश्तों' के आरोप...

छग में डीएसपी कल्पना वर्मा,कारोबारी दीपक टंडन का मामला भले ही ताज़ा हो, लेकिन यह पहला मौका नहीं है जब छ्ग पुलिस के वरिष्ठ अफसरों के निजी 'रिश्तों' और नैतिक आचरण पर गंभीर सवाल उठे हों, डीएस पी कल्पना वर्मा से पहले भी राज्य में कई आईपीएस और डीएसपी पर रेप,घरेलू हिंसा, अवैध संबंध,अश्लील वीडियो जैसे मामलों में आरोप लग चुके हैं, जिनकी गूंज पुलिस मुख्यालय से अदालत तक सुनाई दी, विवादित मामलों की सूची में आईपीएस पवन देव, रतनलाल डांगी, संजय शर्मा,डीएसपी याकूब मेनन, विनोद मिंज, टोमेश वर्मा जैसे अफसरों के नाम शामिल हैं।किसीअफसर पर महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया, तो कहींअधीनस्थ कर्मी की पत्नी से संबंधों के आरोप लगे,कहीं अश्लील वीडियो सामने आने से विभागीय साख पर सवाल खड़े हुए?

### और अब बस...

- ईडी ने 3 साल के भीतर 7 अफसरों पर कार्रवाई की। इनमें अभी भी 2 अधिकारी जेल में और 5 जमानत पर हैं। ये जानकारी विधानसभा में सीएम विष्णुदेव साय ने दी।
- आदिवासी बहुल बीजापुर से कांग्रेस विधायक विक्रम मांडवी ने पूछा कि एसआई आर में जो 38 हजार वोटरों के नाम काटे जा रहे हैं,क्या वह सही है?
- खैरागढ़-डोंगरगढ़ के वन ग्राम बनबोड़ क्षेत्र में मिले मादा तेंदुए के शव मामले में वन विभाग ने 7 को गिरफ्तार किया है।जांच में सामने आया है- तेंदुए को करंट लगा लाठी -डंडों से पीट-पीट कर मारा गया,उसके पंजे -दांत काट लिए गए थे।

## एक नजर



**रायपुर, 21 दिसम्बर।** बालाजी गार्डन के सीनियर सिटीजन के मार्गदर्शन में हनुमान चालीसा का पाठ शनिवार को मंदिर प्रांगण में पूरे सोसाइटी के साथ में किया गया। जिसमें रमेश आहूजा, पुरुषोत्तम पटेल, दिलिप अग्रवाल, राम अवतार डोलावत शामिल हुए।

### जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 23 से

**रायपुर, 21 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ खेल जगत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के तत्वावधान में 45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 23 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 तक राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम, कोटा रोड में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता राज्य में पहली बार इतने व्यापक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रही है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 36 राज्यों एवं इकाइयों से हर राज्य के 30 टॉप जूनियर तीरंदाज भाग लेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक राज्य से 6-6 कोच और मैनेजर भी रायपुर पहुंचेंगे। इस तरह प्रतियोगिता में खिलाड़ियों, कोचों और मैनेजर्स को मिलाकर करीब 1200 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी रहेगी। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए करीब 250 आयोजक, 150 स्कोरर, तकनीकी अधिकारी और आयोजन मंडल के सदस्य शामिल रहेंगे। आयोजन में रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिसमें देश की उभरती हुई खेल प्रतिभाएं अपना दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 23 दिसंबर 2025 को शाम 4 बजे आयोजित होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### मंत्री केदार कश्यप की मां का निधन

**रायपुर, 21 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप की माता श्रीमती मनकी देवी कश्यप का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन



की सूचना स्वयं मंत्री केदार कश्यप ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी। इस दुखद समाचार के बाद राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मंत्री केदार कश्यप ने अपनी भावुक पोस्ट में लिखा, अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्य माताजी श्रीमती मनकी देवी कश्यप हमारे बीच नहीं रहीं। उनके इस संदेश के बाद शुभचिंतकों, जनप्रतिनिधियों और समर्थकों द्वारा संवेदना व्यक्त की जा रही है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोग शोक संदेश साझा कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। श्रीमती मनकी देवी कश्यप को एक सरल, स्नेहशील और धार्मिक प्रवृत्ति की महिला के रूप में जाना जाता था।

शिक्षकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति पर रखी जाएगी सीधी नजर

# प्रदेश के सभी स्कूलों में अब मोबाइल एप से लगेगी हाजिरी

**रायपुर, 21 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ में अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल ऐप के जरिए दर्ज की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्या समीक्षा केंद्र ऐप को प्रदेश के सभी जिलों में लागू किया गया है। अब तक यह व्यवस्था प्रदेश के 7 जिलों में लागू थी, जहां इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसी अनुभव के आधार पर राज्य सरकार ने इसे पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की नियमितता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। 'विद्या समीक्षा केंद्र' ऐप से यह स्पष्ट हो जाएगा कि शिक्षक और विद्यार्थी समय पर स्कूल आ रहे हैं या नहीं। इससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और पढ़ाई का माहौल मजबूत होगा।



**शिक्षा मंत्री ने कहा- ऑनलाइन उपस्थिति से शिक्षा गुणवत्ता में होगा सुधार**

शिक्षा विभाग ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐप के जरिए उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें।राज्य शासन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से स्कूलों में अनुशासन बढ़ेगा और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## PICTURE-स्टोरी




रायपुर, 21 दिसम्बर। पल्स पोलिया अभियान के तहत आज बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

# छग के मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर कोर्स भर्ती में जीरो ईयर का खतरा

**रायपुर, 21 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि पिछले तीन महीना में चली आ रही स्नातकोत्तर काउंसलिंग में बार-बार प्रकाशित नियमों में बार-बार फेरबदल होने से सरकार और स्नाकोत्तर सीट में भर्ती के इच्छुक मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त छात्रों के बीच सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट बिलासपुर में सुनवाई लगातार जारी है।

ज्ञात हो स्वास्थ्य विभाग ने अखिल भारतीय मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद राज्य सीटों के कोटे में परिवर्तन कर दिया है जिसके कारण छत्तीसगढ़ के सभी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्रों का कोटा घटकर 25 प्रतिशत रह गया था। न्याय



की गुहार पाने के लिए इच्छुक विद्यार्थी सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट पहुंचे हैं, प्रकाशित नियम देश के सभी राज्यों में प्रचलित सीट आवंटन प्रक्रिया का उल्लंघन है। पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को हाई कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने का आदेश दिया था, जिसे राज्य सरकार ने करने में देरी की है, रिव्यू पिटिशन दायर करने के बाद छत्तीसगढ़ में एमबीबीएस पढ़े हुए छात्रों को न्याय प्राप्त हो सकेगा, लेकिन आज तक स्वास्थ्य विभाग ने रिव्यू पिटीशन फाइल ना करके कथनी और करनी में अंतर साबित कर दिया है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री ने मीडिया से बातचीत में यह कहा था कि सरकार हर हाल में छत्तीसगढ़ी छात्रों के साथ खड़ी हुई है। बिलासपुर हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल न करने की स्थिति में छात्रों को मार्च की सुनवाई का इंतजार करना होगा। इस बीच मेडिकल स्नातकोत्तर भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह रुकी हुई है।

# बोरसी में गोठान के लिए भूमिपूजन



**रायपुर, 21 दिसम्बर।** राधे कृष्ण सेवा संस्था द्वारा संचालित ग्राम पंचायत बोरसी में निर्माणाधीन गोठान हेतु आज विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम पूरे वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने भूमि पूजन कर गौसेवा के इस महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान गौमाता की सेवा, संरक्षण और संवर्धन के प्रति योगेश तिवारी की निरंतर सक्रियता को देखते हुए उन्हें गोठान का मुख्य संरक्षक बनाए जाने की औपचारिक घोषणा की गई, जिसका उपस्थितजनों ने तालियों के साथ स्वागत किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा- गौसेवा हमारी संस्कृति, आस्था और संस्कारों का अभिन्न अंग है। गोठान केवल गौमाताओं के संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि गांव की सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों का प्रतीक होता है। इस गोठान के माध्यम से असहाय एवं निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा और ग्रामीणों को भी सेवा का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा किगौसेवा से जुड़े ऐसे प्रयास समाज में करुणा, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को सेवा, सहअस्तित्व और जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। इस अवसर पर राधे कृष्ण सेवा संस्था के पदाधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक योगेश तिवारी भाजपा किसान नेता अध्यक्ष अशोक पाण्डे, उपाध्यक्ष खिल्लू साहू, कोषाध्यक्ष एवं सरपंच झाला वर्मा, सदस्य भीम वर्मा, रूपराम चंद्राकर, प्रकाश वर्मा, मंत्री पाल, खिलेश्वर वर्मा, संरक्षक ओम प्रकाश पांडे, देवेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गोठान निर्माण को लेकर खुशी और संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह गोठान भविष्य में गौमाताओं के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित एवं संवेदनशील आश्रय स्थल बनेगा, साथ ही गांव में सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना को भी सुदृढ़ करेगा। अंत में भूमि पूजन के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने गौसेवा को निरंतर आगे बढ़ाने और गोठान के सुचारू संचालन में सहयोग देने का संकल्प लिया।और सरकार और आसपास के दानदाता के सहयोग से गौ शाला का निर्माण किया जायेगा आसपास के जो गौ माता है दर दर भटक रही है । और रोड में बैठने में मजबूर है । गौ माता को गौ साला में अपने घर में गौशाला में रहेंगे।

# कांग्रेस को महात्मा गांधी की नहीं, केवल सोनिया-राहुल गांधी की चिंता: पांडेय

**रायपुर, 21 दिसम्बर।** मनरेगा और नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा मुख्य प्रवक्ता और राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों को न तो महात्मा गांधी के आदर्शों की चिंता है और न ही मजदूरों के हितों की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर महात्मा गांधी की मंशा के अनुरूप काम करती तो पहले ही देश में ग्रामीण स्तर की अर्थव्यवस्था मजबूत हो जाती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांव-शहर में रामराज्य स्थापित करने में लगी है। महात्मा गांधी ने भी रामराज्य की परिकल्पना की थी, परन्तु दुर्भाग्य है कि कांग्रेस रामराज्य की जगह परिवारराज की चिंता में है। उन्होंने आरोप लगाया



कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी का नाम केवल सत्ता के लिए इस्तेमाल किया है। इनकी पूरी चिंता केवल एक परिवार यानी सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक ही सीमित है।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद पांडेय ने कहा कि कांग्रेस नेता मजदूरों को रोजगार देने वाली योजना के नाम पर केवल राजनीतिक विलाप कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत' के विजन के साथ काम कर रहे हैं।

# भिलाई में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा 25 से

**रायपुर, 21 दिसम्बर।** इस्पात नगरी भिलाई पहली बार सनातन धर्म के ध्वजवाहक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य आगमन की साक्षी बनने जा रही है। 25 से 29 दिसंबर तक जयंती स्टेडियम के समीप ग्राउंड, भिलाई में दिव्य हनुमंत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पंडित शास्त्री प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। जिसे लेकर हनुमंत कथा के आयोजक एवं छत्तीसगढ़ खादी ग्राम उद्योग आयोग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने कहा कि कथा के अंतर्गत 27 दिसंबर को विशेष दिव्य दरबार का आयोजन होगा, जिसमें पंडित शास्त्री श्रद्धालुओं की पर्ची निकालकर समस्याओं के समाधान हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। राकेश पाण्डेय ने आगे कहां की सेवा समर्पण समिति, दुर्ग द्वारा आयोजित इस भव्य कथा के लिए तैयारियां प्रारंभ होकर युद्ध स्तर पर जारी हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26